CMYK

तापमान
अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 21°C

81,373.75
24,716.60

सोना 99,415
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 3 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 294 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### बांग्लादेश ने करेंसी से पूर्व राष्ट्रपति मुजीबुर्रहमान की तस्वीर हटाई

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को कहा अलविदा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# JEE एडवांस्ड: रजित ने किया ऑल इंडिया टॉप

## सक्षम जिंदल की दूसरी व माजिद मुजाहिद की आई तीसरी रैंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/जयपुर।** देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर शिक्षा की काशी कोटा ने टॉप किया है। परीक्षा परिणाम में पूरे देश में शिक्षा नगरी का डंका बजा है।

कोटा से रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। रजित मूल रूप से कोटा के महावीर नगर इलाके के निवासी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और कोचिंग संस्थान को दिया है। वहीं दूसरे नंबर पर सक्षम जिंदल ने जगह बनाई है। वहीं तीसरे नंबर पर माजिद मुजाहिद हुसैन ने जगह बनाई है। इसी तरह अक्षत चौरसिया ने ऑल इंडिया छठी रैंक और देवेश पंकज ने ऑल इंडिया 8वीं रैंक हासिल की है। वहीं टॉप 50 और टॉप 100 में भी कोटा ने वर्चस्व कायम किया है। पहली रैंक हासिल करने वाले रजित ने जेईई मेन 2025 में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया में 16वीं रैंक बनाई थी। रजित के टॉपर आने के -**शेष पृष्ठ दो पर**



रजित गुप्ता | सक्षम जिंदल | माजिद मुजाहिद

**पूरे देश में कोटा ने किया टॉप, रजित गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय मां-पिता को दिया**

### लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, देश में मिली 68वीं रैंक



**लखनऊ।** जेईई एडवांस्ड के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए। लखनऊ के श्रेयस लोहिया को यूपी में पहला स्थान मिला है। उन्होंने देश में 68वीं रैंक हासिल की। श्रेयस के पिता गजेंद्र लोहिया लखनऊ दूरदर्शन में कार्यरत हैं। श्रेयस के पिता गजेंद्र ने कहा कि बेटे की सफलता से वह बहुत खुश हैं। श्रेयस को जेईई मेन में ऑल इंडिया 6वीं रैंक मिली थी। उनका पर्सेंटाइल स्कोर 100 था। श्रेयस जेवियर स्कूल गोमतीनगर के छात्र रहे हैं।

# नीट-पीजी परीक्षा स्थगित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बढ़ाई जा रही परीक्षा केंद्रों की संख्या, जल्द आएगी नई तिथि**

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की तैयारी के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी 2025) परीक्षा स्थगित कर दी है।

बोर्ड ने अभी तक संशोधित परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें एनबीईएमएस को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षित परीक्षा केंद्रों को सुनिश्चित करते हुए एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। आदेश का पालन करने के लिए, एनबीईएमएस केंद्रों की संख्या बढ़ाने और अदालत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पहले 15 जून को यह परीक्षा आयोजित होने वाली थी। आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि हम प्रतिवादियों को निर्देश देते हैं कि वे नीट-पीजी 2025 परीक्षा को एक पाली में आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें, यह सुनिश्चित करें कि पूरी पारदर्शिता बनी रहे और सुरक्षित केंद्रों की पहचान की जाए और उन्हें चालू किया जाए।

### सद्गुरु के पक्ष में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी उनकी आवाज, चेहरा, पहनावा, बोलने का अंदाज या और किसी भी तरीके से उनकी पहचान को बिना इजाजत इस्तेमाल नहीं कर सकता खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये। दरअसल कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट्स एआई तकनीक के जरिये सद्गुरु की आवाज और वीडियो में बदलाव करके उन्हें अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। इसे लेकर सद्गुरु ने कोर्ट में याचिका दायर की कि उनकी पहचान का गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि सद्गुरु की पहचान (जैसे उनका चेहरा, आवाज, पहनावा वगैरह) बिल्कुल खास है और उसका दुरुपयोग नहीं होने दिया जा सकता। अगर इसे नहीं रोका गया तो यह गलत जानकारी फैलाने वाली महामारी की तरह इंटरनेट पर फैल सकती है। कोर्ट ने कई वेबसाइटों और यूट्यूब चैनलों को बंद करने का आदेश दिया है, जो सद्गुरु की नकली वीडियो और कंटेंट चला रहे थे।

# कोरोना के विकराल होते हालात पर हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

## देश में कोरोना से 24 घंटे में छह की मौत, अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती ने दम तोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार से कोविड-19 महामारी से निपटने की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि कोविड-19 अभी भी सक्रिय है और इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। अदालत ने 30 मई 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों की कमी को गंभीर मुद्दा बताया।

अदालत डा. रोहित जैन की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 27 जनवरी 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया। इस आदेश में केंद्र को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि केंद्र ने इन दिशानिर्देशों को तैयार नहीं किया। पीठ ने जैन की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र को इसे एक अभिवेदन के रूप में लेने और 12 सप्ताह में तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित अधिकारी निर्देशों से अवगत हों और छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट पेश करें। 30 मई, 2023 को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञों की चार उप-समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। इन समितियों को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए मानक प्रक्रियाएं और भंडारण दिशानिर्देश तैयार करने थे। अदालत ने पाया कि केंद्र ने बैठक के निर्णयों और उप-समितियों की प्रगति पर कोई अपडेट नहीं दिया। हालांकि, प्रथम दृष्ट्या उप-समितियों के गठन के निर्णय के आधार पर अवमानना याचिका कायम -**शेष पृष्ठ दो पर**



**3976 एक्टिव केस, केरल में सबसे ज्यादा 1435 मामले**

### दिल्ली में कोरोना से चौथी मौत, 22 साल की लड़की ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को एक 22 साल की लड़की की कोविड से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की पहले से टीबी से ग्रस्त थी। राजधानी में इस साल मरने वालों की संख्या अब चार हो चुकी है। दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के 436 मरीजों की पुष्टि हुई। इनमें से 357 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं 91 मरीजों को शनिवार को दिल्ली के अस्पतालों से छुट्टी दी गई।

# सिक्किम लैंडस्लाइड में तीन जवान शहीद

## तीनों के शव बरामद, छह लापता

**नई दिल्ली।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं।

सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी रविवार को रेस्क्यू किया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे। इनका कुछ पता नहीं चल पाया था। पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में बाढ़ से 19,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। त्रिपुरा में 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में भारी बारिश के कारण 2 जून को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

**पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 की जान गई**

### राज्यसभा की 8 सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचनाएं जारी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के लिए असम और तमिलनाडु से आठ सीटों के 19 जून को कराए जाने वाले चुनाव की अधिसूचनाएं सोमवार को जारी कर दी गई। अधिसूचनाओं के साथ ही दोनों राज्यों में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का काम शुरू हो गया है। राज्य सभा में असम की इन दो सीटों के वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल 14 जून को और तमिलनाडु की छह सीटों के प्रतिनिधियों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन-पत्र नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी और नाम 12 जून तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 19 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कराया जाएगा। इसमें संबंधित राज्यों के विधानसभा सदस्य मतदान करेंगे। मतगणना मतदान सम्पन्न होने के एक घंटे बाद की जाएगी। आयोग ने कहा है कि मतदान की पूरी प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी।

# कटरा-कश्मीर रेल लिंक खोलने की तैयारी

नई दिल्ली, वार्ता



**जम्मू-कश्मीर** में ऊधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के बचे हुए भाग के निर्माण के छह माह बाद उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी खड्ड रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा श्री माता वैष्णों देवी कटरा से श्रीनगर- बारामूला के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले चिनाब रेलपुल पर पहुंच कर उसका उद्घाटन करेंगे और फिर अंजी खड्ड पुल पर पहुंच कर उसका भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा स्टेशन पर पहुंच कर वहां से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बाद में कटरा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि जिस समय श्री मोदी कटरा से श्रीनगर से लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना करेंगे।

**पीएम मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खड्ड रेल पुल का उद्घाटन करेंगे**

# चेन्नई: अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप के दोषी को उम्रकैद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

महिला कोर्ट की जज एम. राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपये जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। मामला दिसम्बर, 2024 का है। ज्ञानसेकरन ने 23 दिसम्बर की रात 8 बजे यूनिवर्सिटी कैंपस में घुसकर 19 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट का रेप किया था। पीड़ित अपने युवक दोस्त के साथ थी। ज्ञानसेकरन ने दोस्त की पिटाई के बाद युवती का शोषण किया था।

**30 साल जेल में रहना होगा**

# इंडिगो विमान से पक्षी टकराने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची।** पटना से रांची आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को सोमवार दोपहर उस समय आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी, जब रनवे से करीब 10 से 12 नॉटिकल माइल दूर और 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर विमान एक पक्षी से टकरा गया।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि, इंडिगो फ्लाइट संख्या (एयरबस 320) को दोपहर 1:14 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में लगभग 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, विमान को पक्षी से टकराने के कारण बाहरी हिस्से में डेंट लगा है। आरआर मौर्य के अनुसार तकनीकी टीम विमान की स्थिति की जांच कर रही है। पक्षी से टकराने की वजह से विमान को फिलहाल ग्राउंडेड कर दिया गया है, जब तक सभी सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं हो जाते। यह विमान रांची पहुंचने के बाद कोलकाता के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन घटना के बाद उसकी आगे की उड़ान फिलहाल स्थगित कर दी गई है।

**बाल-बाल बचे 175 यात्री**






# अवैध कब्जा धारकों पर शिकंजा

## वन विभाग की टीम ने किया सर्वे, भूमाफियाओं में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल गंगा खादर में अवैध कब्जे को हटाने और अपनी जमीन चिन्हित करने के लिए वन विभाग ने अपनी टीम के साथ सर्वे किया है।

नांगल सोती गंगा खादर वन विभाग, ग्राम पंचायत और किसानों की हजारों बीघा भूमि राजस्व विभाग के मिले जुले नम्बरों में अंकित है। जिस कारण यहाँ उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड सीमा विवाद और भूमि कब्जे को लेकर आय दिन विवाद बना रहता है। कुछ क्षेत्रीय भूमाफिया भी हर वक्त भूमि कब्जाने की फिराक में लगे रहते हैं। नांगल क्षेत्र के किसान राशिद ने अपनी भूमि पर कब्जा दिलाने व अवैध कब्जा धारियों से भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई थी।



बिजनौर वन विभाग के सर्वेयर मोहम्मद फैवीशान, वन दरोगा योगेश कुमार, नांगल वन बीट अधिकारी मोहम्मद इरफान, वन चौकीदार बबलू व हल्का लेखपाल अभिषेक द्विवेदी, लेखपाल सत्य नारायण ने गंगा खादर पहुंचकर किसानों की भूमि की नापतौल की। इस दौरान भूमि की नापतौल को देखकर यहाँ भूमाफियाओं में हड़कम्प मच गया।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**नांगल सोती।** एक कार ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा चालक गंभीर घायल हो गया।

राहगीरों की माने तो बीती रात मंडावली की ओर से एक ई-रिक्शा आ रही थी, जिसको मोहल्ला कैथवाड़ा निवासी आबिद पुत्र इश्तियाक अहमद चला रहा था। तभी एक सफेद रंग की कार चालक ने पीछे से ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया। टक्कर लगने से ई-रिक्शा चालक काफी दूर जा गिरा और ई रिक्शा पलट गई, जिसमें ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। राहगीरों ने बताया कि ई-रिक्शा में हादसे के वक्त केवल चालक सवार था, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल युवक की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ई-रिक्शा चालक को स्थानीय चिकित्सक के यहां ले जाकर इलाज दिलाया गया है।

# निरोगी रहने के लिए नियमित व्यायाम जरूरी: डा. संदीप

## स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हम वेलफेयर सोसाइटी की ओर से स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उजाला सइगनस की टीम ने भाग लिया। टीम में मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप मिश्रा व डॉ. प्रशांत वर्मा उपस्थित रहे। कैम्प में लोगों को स्वास्थ्य के लिए हित और अहित आहार विहार के बारे में बताते हुए फास्ट फूड से बचने व नियमित व्यायाम की सलाह दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक रेस्टोरेंट में आयोजित स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम में डॉ. संदीप मिश्रा ने स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए बताया कि अच्छे स्वास्थ्य व निरोगी रहने के लिए आवश्यक है कि नियमित रूप से व्यायाम किया जाए तथा बाहर के खाने के साथ साथ फास्ट फूड आदि के सेवन से भी परहेज किया जाए। उन्होंने शेरकोट डॉक्टर्स एसोसिएशन शेरकोट से भी इसमें सहयोग करने तथा अपने रोगियों को दवाई के साथ साथ उनको आहार विहार, दिनचर्या, रात्रि चर्या का पालन करने के बारे में समझाने को कहा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर इमाम मुफ्ती जकी खान, दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य सुखनंदन कुमार रूहेला रहे। मुख्य अतिथियों को कार्यक्रम आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सोहराब, डॉ. फैजान, डॉ. शाहनवाज, डॉ. यूसुफ, डॉ. सबील आदि का योगदान रहा।

# जिला पंचायत सदस्य पति अनवर हुसैन पर धोखाधड़ी का आरोप

## न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील के ग्राम फजलपुर ढाकी निवासी जिला पंचायत सदस्यपति अनवर हुसैन पर अपने ही सगे चाचा के साथ एक षडयंत्र के तहत कूटरचित योजना के अंतर्गत गवाही के बहाने उनकी काश्त की जमीन का बैनामा करा लेने का एक मामला पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी अनवर हुसैन सहित उसके पिता व एक अन्य के विरूद्ध दर्ज किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राम फजलपुर ढाकी, थाना हल्दौर, निवासी तरीकत हुसैन पुत्र सद्दीक ने कहा कि उसकी खसरा नम्बर 36/0.7460 हे. मौजा फजलपुर ढाकी में काश्त की जमीन है। जिसका वह मालिक व काबिज काश्त है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि तीन जौलाई 2023 को जिला पंचायत सदस्य पति अनवर हुसैन ने एक षडयंत्र रचते हुए कहा कि शराफत हुसैन, लियाकत हुसैन पुत्र सद्दीक हुसैन अपनी जमीन उसे बेच रहे है, बैनामे पर गवाही करने के लिए उनसे यह कहते हुए कि तुम उस जमीन में सह खातेदार हो आपकी गवाही जरूरी है पर हस्ताक्षर करा लिए और अंगूठा लगवा लिया। प्रार्थी ने शराफत हुसैन व लियाकत हुसैन पर सगा भाई होने के कारण अत्याधिक विश्वास किया और उनके साथ चांदपुर तहसील चले आये और तीन जुलाई 2023 को गवाह समझकर हस्ताक्षर व अंगूठा लगा दिया। एक अप्रैल 2025 को समय करीब दस बजे जब प्रार्थी अपनी पत्नी व बच्चों के संग जंगल खेत पर गया, तो वहां अनवर हुसैन आ गया। अनवर उसे देखकर आग बबूला हो गया और कहने लगा कि तुम इस खेत पर कोई काम नहीं कर सकते। क्योंकि इस जमीन का बैनामा मैंने अपने नाम करा लिया है। अब खेत में खड़ी फसल भी मेरी ही है। यह सुनकर प्रार्थी के पैरो तले की जमीन खिसक गई। अनवर हुसैन कहने लगा कि तीन जौलाई 2023 को मैंने गवाह बताकर तुम्हारे हस्ताक्षर व अंगूठा लगवा लिया है। उस बैनामे में तुम गवाह नहीं थे। इस लिये यह जमीन अब मेरी है। आईंदा अगर इस खेत में देखा तो मैं जान से मार दूंगा।

पीड़ित द्वारा इस बात की जानकारी तहसील पहुंचकर की तो पता लगा कि रजिस्ट्री दफ्तर में तीन जुलाई 2023 को आपने अपने व आपके भाईयों ने अनवर हुसैन को बैनामा लिखा है। जिसकी रजिस्ट्री बही नं. 01 जिल्द सं.11850 हस्ताक्षर हिंदी पठित तरीकात हुसैन पृष्ठ संख्या 133/148 दस्तावेज नं. 8335 पर तीन जौलाई 2023 को हुई है। यह सुनकर प्रार्थी हक्का बक्का रह गया और अपने सगे भतीजे अनवर हुसैन पर धोखाधड़ी कर उसकी जमीन अपने नाम लिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने अपनी इच्छा से कोई बैनामा अनवर हुसैन को नहीं किया है। बल्कि इन लोगों ने उसके साथ कूटरचित रचना पर षडयंत्र के तहत धोखाधड़ी करते हुए गवाह बताकर मुल्जिमान अनवर हुसैन ने अपने नाम बैनामा करा लिया। इस मामले की तहरीर चांदपुर पुलिस को दी गई, जहां पर उसे कोई न्याय नहीं मिला। 16 मई, 2025 को प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक को भी रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। विवश होकर पीड़ित बगरज इंसाफ के लिये न्यायालय की शरण में पहुंचा, जहां से न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) न्यायिक मजिस्ट्रेट चांदपुर ने इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए आरोपी अनवर हुसैन, जिला पंचायत सदस्य पति, शराफत हुसैन, लियाकत हुसैन निवासीगण ग्राम फजलपुर ढाकी, थाना हल्दौर, जनपद बिजनौर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये है।

पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुअसं. 311/2025 धारा 61(2), 318(4), 338, 336 (3), 340(2), 351(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार अनवर हुसैन भू सम्बन्धित मामला चर्चा में है।

# डॉ. यूनुस मदहोश की याद में काव्य गोष्ठी व मुशायरा

## देर रात तक शायरों ने समा बांधे रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला सराय रफी स्थित रहमानिया गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित काव्य गोष्ठी व मुशायरे का आयोजन गैलेक्सी वैलफेयर ट्रस्ट की ओर से किया गया। जिसमें अन्य प्रदेशों से भी पधारे मशहूर शायरों ने शिरकत कर देर रात तक समा बांधे रखा।

प्राप्त समाचार के अनुसार रहमानिया गर्ल्स इण्टर कॉलेज के प्रांगण में गैलेक्सी वैलफेयर ट्रस्ट की ओर से मरहूम डॉ. यूनुस मदहोश की याद में आयोजित इस मुशायरे में बड़ी संख्या में शायरी सुनने वालों की भीड़ रही। इस मुशायरा में स्थानीय एवं बाहर से आए हुए शायरों का इस्तकबाल आसिफ कमाल ने किया। गैलेक्सी वैलफेयर ट्रस्ट के महासचिव डॉ. कलीम के द्वारा आयोजित इस मुशायरे में शमा रोशन कांग्रेस लीडर की चेयरपर्सन पति शरेबाज पठान, डॉ. शकील हाशमी, आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर व नगर के वरिष्ठ समाजसेवी जनाब जकावत जैदी ने संयुक्त रूप से की। जबकि अध्यक्षता चेयरपर्सन पति व कांग्रेस नेता शेरबाज पठान ने की। सफल संचालन युवा शायर मेराज बिजनौरी ने किया। इस मुशायरे में चीफ गेस्ट डॉ. शकील हाशमी रहे। इस मुशायरे में दिल्ली से आए शायर





अनस फैजी, चांदपुरी हाल निवास दिल्ली व शाहिद अंजुम देहलवी ने अपने शायरों से करते हुए जमकर वहावाही लूटी। हरियाणा राज्य के फरीदाबाद से आए शायर अब्दुर्रहमान मंसूर, कुमार अजय अक्स और ओमप्रकाश सागर से अपनी शायरी से श्रोताओं को झूमने और तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। मुरादाबाद से आए शायर जहीर राही ने भी श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी। मुशायरे में देर रात तक भारी भीड़ शायरों के कलाम सुनने के लिए जमा रही। मुशायरे में आए शायरों और समाजसेवियों व पत्रकारों को सम्मानित करते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुशायरे में शायर तशना नगीनवीं, युवा शायर मौहम्मद अकरम नगीनवीं, माहिर स्योहारवीं, अनस फैजी दिल्ली, मेहराज बिजनौरी, अब्दुर्रहमान मंसूर पाकबाड़ा मुरादाबाद, अजय कुमार फरीदाबाद, ओमप्रकाश सागर फरीदाबाद, शाहिद, अंजुम, दिल्ली, शकील, आदिल नगीना, मास्टर जहीर, राही मुरादाबाद, तालिब हुसैन राजस्थान, इमरान झिंझानवीं, आबिद अब्बास चांदपुरी, आसिफ कमाल, अथर आजमी, नाहिद सलीम, शराफत चांदपुरी, डॉ. कलीम, तबस्सुम जिया, हक चांदपुरी ने देर रात तक अपने कलाम पेश किए।

इस अवसर पर चेयरपर्सन पति कांग्रेस लीडर शेरबाज पठान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से हमारे बीच उर्दू जबान को बढ़ावा मिलता है। इस तरह के आयोजन उर्दू अदब और तहसीब को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों एवं शायरों को अपनी ओर से शुभकामनाएं भी दी। बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभारी व पूर्व प्रत्याशी बसपा डॉ. शकील हाशमी ने कहा कि मरहूम डॉ. मौहम्मद यूनुस मदहोश की याद में आयोजित इस मुशायरा में उर्दू जबान को जो तवज्जो दी गई और उर्दू कलमात पेश किए गए। वह तारीफ ए काबिल है। ऐसे आयोजन करने वालों को अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

मुशायरे में पहुंचे आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने मुशायरा का आयोजन एवं सभी हसीन शायरी करने वाले शायरों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे आयोजनों के होने से उर्दू अदब और हमारी गंगा जमुना वाली तहजीब को बढ़ावा मिलता है।

## आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भाजपा सहित हिन्दू महिलाओं की आस्था के प्रतीक सिंदूर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने भाजपा मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर निवासी शहजाद अली ने अपने फेसबुक एकाउंट से एक आपत्तिजनक पोस्ट वायरल की थी। जिसमें आरोपी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भाजपा सहित हिन्दू महिलाओं के लिए अभद्र व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया था। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाल सैनी ने आरोपी शहजाद अली के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी थी। उक्त वायरल वीडियो से हिंदूवादी संगठनों सहित हिन्दू महिलाओं में आक्रोश भड़क गया था। आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही व गिरफ्तारी की मांग की थी।

थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी का चालान किया जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति नगर के इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। कॉलेज के प्रधानाचार्य की आख्या पर विद्यालय के साधिकार नियंत्रक/प्रबंधक ने आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

# राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

## युवाओं की पहल से चिलचिलाती गर्मी में राहगीरों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** चिलचिलाती धूप में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से युवाओं ने पहल करते हुए हरेवली तिराहे पर ठंडे शरबत का स्टाल लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लोगों को घरों से निकलना मुहाल हो गया है। जरूरी काम होने पर ही वे बाहर निकल रहे हैं। लेकिन चिलचिलाती धूप की परवाह नहीं करते हुए युवाओं की यह पहल राहगीरों के लिए राहत बन कर आई है। युवाओं ने लोगों से अपील



की कि गर्मी के मौसम में समय-समय पर राहगीरों को शरबत या पानी पिलाते रहना चाहिए।

# तीन दिवसीय योग शिविर 19 जून से लगाने का निर्णय

## विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति की बैठक में तीन दिवसीय योग शिविर लगाने का निर्णय लिया गया।

शिक्षक विहार स्थित सत्यधाम धर्मशाला में आयोजित बैठक में शिविर को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। तहसील प्रभारी शिवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आगामी 19 जून से सुमंगलम फार्म में तीन दिवसीय योग शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें वरिष्ठ योगाचार्य लोगों को योग प्रणायाम का अभ्यास कराएगें। बैठक में गजराज सिंह, डॉ. श्रीराम चौहान, धर्मेश कुमार, दयाराम सिंह, डॉ. आरके चौहान, आदर्श कुमार, धनंनजय सिंह, राम सिंह सैनी, खूब सिंह, सुनीता नंदा, शिक्षा देवी आदि रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**JEE एडवांस्ड...** बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर है। अपनी सफलता पर रजित ने बताया कि खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था'। रजित कोटा के स्थानीय निवासी हैं। उन्होंने इससे पूर्व जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 पर्सेंटाइल एवं जेईई मेन अप्रैल सेशन में भी ऑल इंडिया रैंक 16 हासिल की थी। रजित ने 10वीं कक्षा 96.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी। रजित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। डाउट्स क्लीयर होने के बाद ही वे टॉपिक में आगे पढ़ते थे।

**कोरोना के...** न रहने की बात कही गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई 2025 के लिए निर्धारित की है और केंद्र से तत्काल मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लागू करने और स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़: शिवराज

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार के प्रसिद्ध और लोकप्रिय फल लीची पर शोध करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को इसके बेहतर दाम मिल सके।

चौहान ने सोमवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के पांचवें दिन बिहार के पूर्वी चंपारण में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। विकसित भारत का संकल्प, विकसित कृषि और समृद्ध किसान से मिलकर ही पूरा हो सकता है, जिसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। श्री चौहान ने लीची की पैदावार करने वाले किसानों से संवाद किया जिसमें लीची के किसानों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि लीची के जल्दी खराब होने की प्रवृत्ति के कारण पैदावार को 48 घंटों के भीतर बेचना होता है। इस कारण कभी-कभी कम दाम मिलते है। इस समस्या को दूर करने के लिए कदम उठाएंगे। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों से शोध करने और ऐसी तकनीकों को अपनाने का निर्देश दिए गए हैं जिससे लीची जल्दी खराब नहीं हो और किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल सके। उन्होंने इसके लिए 'कोल्ड स्टोरेज[ की संख्या में वृद्धि की भी बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कारगर नीतियों के फलस्वरुप बिहार में मक्का की खेती में तेजी से इजाफा हो रहा है। मक्के का प्रयोग अब इथेनॉल में भी होने लगा है। पहले 1200 से 1500 रुपए के बीच प्रति क्विटल मक्का बिकता था।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

प्रवर मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर प्रदेश मुरादाबाद कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **29RT-SIG-GumtiShifting-O** शिफ्टिंग ऑफ एस एंड टी इक्विपमेंट इन परमानेंट ड्यूटी हट्स फ्रॉम दा पोर्ट केबिन (नियर लेवल क्रासिंग) इन ON-BLM & BLM-SPC सेक्शन अंडर ADSTE/HRI | 3499909.33 | 70000.00 | Nil | 30.06.2025 15:00 hrs. |
| 3 | **ST-Sig-KXK-MTC-UFSBI-Q** प्रोविजन ऑफ यू एस बी आई अलोंग विथ एच ए एस एस डी ए सी एंड रिपेयरिंग ऑफ क्यूआड केबल इन KXK-MTC & HPU-KXK सेक्शन ऑफ मुरादाबाद डिवीज़न | 5153436.88 | 103100.00 | Nil | 30.06.2025 15:00 hrs. |
| 4 | **SNT-Sig-HZR-EI-MB-2024-25** एस एंड टी वर्क इन c/w प्रोविजन ऑफ बैलस्ट साइडिंग एट हाफिजपुर स्टेशन ऑफ मुरादाबाद डिवीज़न | 25815106.10 | 279100.00 | Nil | 30.06.2025 15:00 hrs. |

नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना 29RT-Gumti shifting, KXK-MTC-UFSBI, SIG-HZR-EI-MB-24-25 दिनांक 02.06.2025 1635/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन होंगे।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, ईरेक्टाइल पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व खनिज की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# निर्माणाधीन अंडरपास का स्लैब गिरा

## अचानक स्लैब गिरने से मची अफरा-तफरी






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एनएच दिल्ली-मेरठ पौड़ी हाईवे पर बहसूमा से बिजनौर तक बन रहे नेशनल हाईवे पर बैराज रोड पर शाकुंभरी ऑटोमोबाइल के पास से बन कर आ रहे बाईपास पर निर्माणाधीन अंडर पास पुल का स्लैब सोमवार की सुबह अचानक से भरभरा कर गिर पड़ा। हाईवे का निर्माण कर रही संबंधित कार्यदाई संस्था के द्वारा तुरंत जेसीबी मशीनों के द्वारा उसका मलवा हटाने की कोशिश की जाने लगी। वहीं एसडीएम अवनीश कुमार ने कहा कि वे मौके पर पहुंचे हैं और सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना से भी उन्होंने इंकार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मेरठ पौड़ी 119 का दूसरे चरण में बहसुमा से लेकर बिजनौर तक नेशनल हाईवे का निर्माण चल रहा है। इसमें बैराज रोड पर शाकुंभरी ऑटोमोबाइल के पास से बिजनौर बाईपास का निर्माण कार्य भी चल रहा है।

निर्माण कार्य कर रही भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा बाईपास पर अंडर पास ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है जो उस पर सेटरिंग लगाकर पुल बनाने का कार्य चल रहा था कि अचानक से स्लैब डालते हुए वह भरभरा कर नीचे गिर पड़ा। स्लैब गिरने का जब ग्रामीणों को पता चला तब वह लोग वहां इकट्ठा हो गए और भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नेशनल हाईवे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। ग्रामीण दीपक कुमार, गोविंद विश्वास, सुनील कुमार, राजेश मंडल, सुशील आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित कंपनी का ठेकेदार पैसे बचाने के चक्कर में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब अभी तक कोई सवारी उस पर नहीं निकली तब वह पुल का स्लैब गिर गया यह नेशनल हाईवे के भ्रष्टाचार की पोल को खोल रहा है।

वहीं संबंधित कंपनी के अफसरों ने बताया कि स्लैब गिरा नहीं बल्कि डिसबैंलेंस होने के बाद उसे कंपनी ने खुद ही हटाया है।

# जाति छिपा कर की थी शादी, पत्नी ने ससुर के साथ मिलकर दिया जहर

## सात महीने बाद उजागर हुई प्रेम विवाह की खौफनाक साजिश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जिस प्यार के लिए एक युवक ने समाज की दीवारें लांघीं, उसी प्यार ने उसकी कब्र खोद दी। धामपुर में रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बेटे कमल की मौत को पहले 'सामान्य' बताया गया था, लेकिन सात महीने बाद जो राज खुला, उसने सभी को हिला दिया। कमल की हत्या उसी की पत्नी और ससुर ने मिलकर की। वजह थी जाति का छलावा और रिश्तों में घुलता जहर।

कमल मझौला (मुरादाबाद) का रहने वाला था और रिटायर्ड इंस्पेक्टर डेढ़छैल का बेटा था। उसने साल 2021 में धामपुर की अर्चना से प्रेम विवाह किया था। कोर्ट में हुई इस शादी से दोनों परिवारों में नाराजगी थी। प्यार अंधा था, लेकिन जाति पहचानने में अर्चना की आंखें जल्द खुल गईं।

शादी के बाद पता चला कि कमल अनुसूचित जाति से है। यह सच जैसे ही सामने आया, ससुराल वालों के चेहरे बदलने लगे। अर्चना और उसके पिता महिपाल सिंह के दिलों में नफरत का जहर भरता गया और अंत में उसी जहर से कमल की जान ले ली गई।

15 अक्टूबर 2024 को कमल ससुराल आया था। तीन दिन बाद यानी 18 अक्टूबर को उसकी लाश बरामद हुई। ससुराल वालों ने मौत को 'प्राकृतिक' बताया, लेकिन पिता को शक हुआ। पोस्टमार्टम में बिसरा सुरक्षित किया गया और तीन महीने बाद रिपोर्ट आई। कमल को जहर देकर मारा गया था। बिजनौर पुलिस ने जांच शुरू की और अब सात महीने बाद सच्चाई सामने आ गई है।

रविवार को पुलिस ने अर्चना और उसके पिता महिपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सर्वम सिंह ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है। उनका कहना था कि कमल ने शादी से पहले अपनी जाति छिपाई थी, जिससे वे खुद को ठगा महसूस कर रहे थे।

**जिसने प्यार में अपना सबकुछ लुटाया,**
**उसे 'सच्चे प्यार' ने जहर पिलाया।**

रिश्तों की यह त्रासदी सिर्फ हत्या नहीं, समाज में अब भी जिंदा उस जहरीली सोच की तस्वीर है, जो इंसान से पहले उसकी जाति को पहचानती है।

# रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कट कर महिला की मौत

### मानसिक रूप से थी अस्वस्थ

**धामपुर।** रेलवे स्टेशन मास्टर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडीपुरा फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। सूचना पर थाना धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस ने शव की शिनाख्त ग्राम बुधेरन, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर निवासी शीतल (30) पुत्री लाल उर्फ पहलवान के रूप में की। मृतका की पहचान उसके परिजनों द्वारा की गई। बताया गया कि शीतल मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और शनिवार सुबह बिना बताए घर से निकल गई थी। शाम को वह कैसे रेलवे ट्रैक तक पहुंची, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है।

पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दे दी है। मौके पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि फाटक के पास सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने इस ट्रैक पर फाटक या सुरक्षा गार्ड की मांग की है।

# गंगा किनारे युवक का सड़ा-गला शव मिला



### शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** गंगा किनारे एक युवक का सड़ा-गाल शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मीरापुर खादर में आज सोमवार की सुबह गंगा किनारे सड़ा गला एक युवक का शव ग्रामीणों को दिखाई दिया जो पानी के बहाव के कारण ऊपर की ओर से बह कर आ गया। इसकी सूचना उन्होंने मंडावर पुलिस को दी, जिसमें मंडावर थाना प्रभारी राजकुमार सरोज और सीओ सिटी बिजनौर राकेश वशिष्ठ पुलिस टीम के साथ गंगा किनारे पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। मगर शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं थाना प्रभारी राजकुमार सरोज ने बताया कि किसी व्यक्ति का शव गंगा में बहकर आ गया था, जिसका शरीर पानी में रहने की वजह से बेकार हो गया है।शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एक नजर

### बाइक सवार चार किशोर घायल

**शेरकोट।** एक बाइक पर सवार चार किशोर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। आज सुबह विकास, राजकुमार, प्रिंस और विशू चारों किशोर बाइक पर घूमने निकले थे तभी ग्राम भनोटी की पुलिया के निकट बाइक अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई। इस हादसे में सभी चार किशोर घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के परिजनों को सूचित कर उन्हें निजी चिकित्सक के पास भेजा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नाईपुरा निवासी विवाहिता सलमाना पत्नी वासिफ की रविवार देर रात फंदे से लटकी लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतका के भाई ने हीमपुर दीपा थाने में तहरीर देकर मृतका के पति, सास, नंद, व ससुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को काफी समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। परंतु उन्हें अंदेशा नहीं था कि यह लोग उसकी हत्या तक कर सकते है। मृतका के परिजनों ने इंसाफ की गुहार लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### चार वारंटी गिरफ्तार



**स्योहारा।** नगर व क्षेत्र की शांति व्यवस्था को बनाने के लिए पुलिस प्रशासन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के 04 नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि रजब उर्फ राजपाल पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम बजीरपुर की मडयो सम्बन्धित वाद सं. 1207/23 धारा 323, 325, 504 भादवि थाना स्योहारा, नरेन्द्र कुमार पुत्र किशोरी सिंह निवासी ग्राम बजीरपुर की मंडयो सम्बन्धित वाद 4412/19 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना स्योहारा, फिरोज पुत्र जमील व शकील पुत्र जमील निवास. गिण ग्राम कादराबाद खुर्द थाना स्योहारा को सम्बन्धित माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद बिजनौर के समक्ष भेजा जायेगा।

### खुद को ब्लेड मारकर किया लहूलुहान



**शेरकोट।** नगर के मोहल्ला कोटरा निवासी अंकित कश्यप का अपने परिजनों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया, जिससे आक्रोशित होकर उसने खुद को ब्लेड मारकर लहूलुहान कर लिया। युवक के शरीर पर जगह-जगह ब्लेड के निशान से लहू निकल रहा था। आश्चर्यजनक बात यह है कि घायल युवक खुद ही अकेला नगर के एक चिकित्सक के पास पहुंचा और उपचार कराया। युवक का कहना है कि उसने आत्महत्या के इरादे से यह कदम उठाया है। चिकित्सक ने घटना की सूचना पुलिस और युवक के परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन युवक को अपने साथ ले गए।

### निधन पर शोकसभा

**नजीबाबाद।** युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार टी.एस. मलिक की माता शीला देवी एवं वरिष्ठ पत्रकार जफर जैदी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। युवा कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दोनों दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और ईश्वर से यह भी प्रार्थना की कि इस असीम दुख के समय में ईश्वर उनके परिवार जनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, पूर्व नगर अध्यक्ष एम अकरम खां एडवोकेट, अमजद सिद्दीकी, शारिब अंसारी एडवोकेट, मोहम्मद फैज एडवोकेट, फराज हुसैन एडवोकेट, रिहान अंसारी, रईस कुरैशी, राकेश शर्मा, वसीम अख्तर, हिफजुरहमान फरीदी, नईमूल अख्तर, नदीम फारुकी, विश्व मोहन, वसीम अहमद आदि रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति की मौत

### शादी के कार्ड बांट कर लौट रहे थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** धामपुर-नगीना नेशनल हाईवे पर देर रात एक सड़क हादसा हो गया। एक पति पत्नी अपने बेटे की शादी का कार्ड बांटकर बाइक से वापस घर जा रहे थे। नगीना के पास हाइवे पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान खूब सिंह पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) जवान और उनकी पत्नी लाली देवी के रूप में हुई है। दोनों गांव फतेहपुर नगीना के रहने वाले थे। हादसे की खबर प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंची। डायल 112 द्वारा घायल दंपति को सीएचसी नगीना ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। गौरतलब है कि एक हफ्ते बाद घर में 9 जून को होने वाली बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थीं और दोनों पति पत्नी शादी के कार्ड बांटकर वापस घर लौट रहे थे। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# पशु बेचने को लेकर दो पक्षों में विवाद

### घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला नया बाजार में सोमवार को ईद की कुर्बानी के पशु बेचने के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। लाठी डंडे चलने पर बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला निवासी अतीक अहमद अपने पशु बचने के लिए नहटौर के नया बाजार में आया था। बताया जाता है कि ईद की कुर्बानी के पशु बेचने के लिए वह बाजार में पशु लेकर खड़ा था। सोमवार को पास के ही मौहल्ला नेजो सराय के युवक व कुछ किशोर भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने वहां पशु बेचने से इनकार किया। आपस में कहासुनी को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला का अतीक अहमद व उसका भतीजा फईम और मौहल्ला नेजो सराय के फैसल व उजैफा घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर: जाकिर हुसैन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने मेरठ पौड़ी नेशनल हाईवे पर चल रहे निर्माण के दौरान अंडरपास के स्लैब के गिर जाने पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। जहां कहीं ना कहीं आए दिन पुल व भवन गिरने की घटनाएं हो रही है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर लोगों की जान के साथ खेलने का काम कर रही है।

गौरतलब है कि बिजनौर शहर बैराज रोड पर स्थित मैरीटा पब्लिक स्कूल के पास सोमवार की सुबह निर्माणधीन अंडर पास का स्लैब अचानक से उस समय गिर गया जब यहां पर फोरलेन हाईवे का निर्माण चल रहा था। इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन में कहा कि भाजपा सरकार में निर्माण के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है। भ्रष्टाचार के कारण कंपनियां मनमानी कर रही है । जिनको कोई कुछ कहने वाला नहीं है। भाजपा सरकार में मनमानी करके भ्रष्टाचारी लोगों की जान से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है। जहां निर्माण के दौरान पुल व भवन गिरने की घटना हो चुकी है, लेकिन आज तक भाजपा सरकार में किसी भी भ्रष्टाचारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बनारस में फ्लाई ओवर, कन्नौज में रेलवे स्टेशन का लिंटर गिरने की घटना के अलावा हाल ही में जनपद के कोतवाली देहात में फ्लाई ओवर का पुल भी गिर चुका है। इन तमाम घटनाओं के बावजूद आज तक भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचारियों को पाल रही है और लोगों की जान से खेल रही है। उन्होंने कहा कि जनता इस भ्रष्टाचारी सरकार को 2027 उखाड़ फेंकेगी।

### मंडावर में दिनदहाड़े अवैध खनन

**मंडावर।** दयालवाला और मंडावर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार दिनदहाड़े धड़ल्ले से चल रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार, शेखूपुर के जंगल से लोडर मशीनों के जरिए बिना किसी अनुमति के मिट्टी का खनन किया जा रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर मिट्टी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सड़कों पर दौड़ा रहे हैं, जिससे न केवल सड़कों को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि राजस्व को भी भारी क्षति हो रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और खनन विभाग की निष्क्रियता के कारण यह अवैध कारोबार बिना किसी रोक-टोक के फल-फूल रहा है। दयालवाला में अवैध मिट्टी का भराव भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, जिसमें रात में खनन पर प्रतिबंध और बिना परमिट वाहनों की आवाजाही पर रोक शामिल है।

# पानी की निकासी न होने से जलभराव

### समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती में तकिया गढ़ी पूर्वी के तालाब में पानी भर जाने के कारण पानी निकासी न होने पर वाल्मीकि बस्ती में जल भराव होने पर इस समस्या का समाधान हेतु नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी ने मौहल्ला तकिया गढ़ी पूर्वी का स्थलीय निरीक्षण किया तथा समस्या का समाधान हेतु उक्त तालाब के पानी की निकासी हेतु तालाब से एक नाला नहटौर-धामपुर मार्ग पर जाने वाले नाले तक नाला बनाने का निर्णय लिया। ताकि जल भराव की समस्या से निजात मिल सके।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती में तकिया गढ़ी पूर्वी स्थित तालाब वर्षा होने पर तलाब भर जाने पर तथा पानी की निकासी न होने पर उक्त तालाब का पानी वाल्मीकि बस्ती में आने के कारण यहां के नागरिकों को बड़ी समस्या का वर्षों से जूझना पड़ रहा है साथ ही समस्या का समाधान हेतु मौहल्ला वासियों ने इस समस्या के समाधान हेतु कई बार जनप्रतिनिधियों को समस्या के समाधान हेतु प्रार्थना पत्र दिए। परंतु समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जिसके सापेक्ष में सोमवार को इस समस्या के चलते नायब तहसीलदार विजय कुमार अधिशासी अधिकारी ओम गिरी व पालिका कर्मियों ने मौके का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान वस्तु स्थिति देखकर समस्या के समाधान हेतु उक्त तालाब से वाल्मीकि बस्ती से होते हुए नहटौ-धामपुर मार्ग से निकलने वाले नाले तक एक नाला बनाने का निर्णय लिया ताकि तालाब में अधिक पानी होने के कारण उक्त नाले के माध्यम से दूसरे नाले में आसानी से पहुंच सके। वाल्मीकि बस्ती व दलित बस्ती में जल भराव की समस्या नहीं होगी। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि यह समस्या काफी समय से चली आ रही थी। उनके कार्यकाल से पुराना मामला था।

साथ ही समस्या का समाधान हेतु रविवार की शाम को उपजिला अधिकारी धामपुर रितु रानी के निर्देश पर नायब तहसीलदार व पालिका कर्मियों के साथ उक्त स्थान का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा वहां नाला बनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त नाला 200 मी. बनाया जाएगा। वर्तमान में फिलहाल कच्चा नाला बनाया जाएगा तथा बरसात खत्म होने के बाद पक्के नाले में तब्दील कर दिया जाएगा। उक्त नाले की लागत लगभग 30 लाख रुपए आएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मौअज्जमपुर जंक्शन पर मॉक ड्रिल

## राहत कार्यों की तैयारी को परखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रेलवे विभाग द्वारा आपातकालीन स्थितियों से निपटने और संभावित रेल दुर्घटनाओं के दौरान राहत कार्यों की तैयारी को परखने के लिए सोमवार को मौअज्जमपुर जंक्शन पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास विभागीय अधिकारियों की निगरानी में सम्पन्न हुआ।

मॉक ड्रिल के तहत ट्रेन संख्या 54403 चंदौसी पैसेंजर जो चंदौसी से ऋषिकेश जा रही थी, जब मौअज्जमपुर और चन्दक के बीच पोल संख्या 1511/19 व 1512/01 के निकट पहुँची, तभी अचानक ट्रेन के तीन डिब्बों एनआर 064718, एनआर 135302 और अंतिम कोच एनआर १24316 के पहिए पटरी से उतर गए। इस दुर्घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन चालक ने तुरंत स्थिति को संभाला और यात्रियों को शांत किया। घटना की सूचना मिलते ही 10 से 15 मिनट के भीतर संबंधित विभागीय अधिकारी, एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, एंबुलेंस और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंच गई।

जीआरपी इंस्पेक्टर रवि कुमार और एसआई कृष्णा शर्मा ने बताया कि यह अभ्यास रेलवे की आपातक. ालीन तैयारियों को परखने के उद्देश्य से किया गया था।

इस मॉक ड्रिल में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी एसएससी लक्सर राजेश गुप्ता, सेफ्टी विभाग से एसए जैदी, टीआई एके राय, सीएलआई विजेन्द्र सिंह, एसडीएम विजय शंकर मिश्रा और सीओ नीतेश प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। हालांकि मॉक ड्रिल की जानकारी आम जनता को पहले से नहीं होने के कारण क्षेत्र में रेल दुर्घटना की अफवाह फैल गई, जिससे कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई।

# कोविड संक्रमण से ना घबराएं

## गाइडलाइन का करें पालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कोविड संक्रमण की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके चलते क्षेत्र में कोविड को लेकर सुरक्षा की गाइडलाइन जारी की गई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने बताया कि वर्तमान में चल रहे कोविड संक्रमण के मद्देनजर सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है। खासतौर पर बच्चे, बुजुर्गों, कमजोर लोगों और साथ ही जिनको कोविड वैक्सीन नहीं लगी है वो सावधानी अवश्य बरते। भीड़भाड़ में जाने से बचे। मास्क का प्रयोग करे, पौष्टिक आहार का सेवन अवश्य करे, तरल पदार्थों का भी ज्यादा से ज्यादा सेवन करे। कोविड के लक्षण जैसे बुखार, खांसी, सांस लेने में परेशानी, गले में खराश, शरीर में दर्द, थकान औरर स्वाद या गंध में कमी लगने पर अपने डॉक्टर से अवश्य संपर्क करे। उन्होंने कहा कि हमारे ब्लॉक स्योहारा के ग्राम महमूदपुर उप केंद्र के गांव रतनपुरा में एक कोविड संक्रमित व्यक्ति की मृत्यु ऋषिकेश एम्स में इलाज के दौरान होने की सूचना जिले से प्राप्त हुई थी। इसके बाद जिले से आई टीम में डॉ. प्रतीक किशोर आर्य, जिला पब्लिक हैल्थ विशेषज्ञ एवं डॉ. सैयद साकिर अली, एपिडेमियोलॉजिस्ट बिजनौर की टीम द्वारा डेथ ऑडिट किया गया था जिसकी मौत का करण कोविड को मोर्बिडिटी के कारण उत्पन्न डायबिटीज मेलिटस शुगर का अत्याधिक बढ़ जाना और किडनी खराब होना बताया गया है।

डॉ. स्नेही ने बताया कि इस संबंध में आज विभागीय मीटिंग लेकर सभी कर्मचारियों, एएनएम, आशाख संगिनी आदि को निर्देश दे दिए गए हैं कि वह संक्रमण के मद्देनजर प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखें और अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे करती रहे।

साथ ही सीएचसी पर इसके संबंध में आवश्यक लॉजिस्टिक एन 95 मास्क ट्रिपल लेयर मास्क, सैनिटाइजर आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील



**हीमपुर दीपा।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों से आगामी ईद के त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने सहित कुर्बानी के अवशेषों को इधर उधर न फेकने सहित उसको विधिवत गड्ढों में दबाने और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने की हिदायत दी गई। उधर बैठक में आए संभ्रांत नागरिकों ने भी अपने-अपने विचार रखे और आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की। वहीं बैठक में उपस्थित थाना प्रभारी ने पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की अपील की । उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर ने अपील करते हुए बताया कि शांति व्यवस्था के साथ उक्त त्यौहार को संपन्न करे। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा शुरू न करे । कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों के प्रति विशेष ध्यान रखे कि अवशेषों को किसी को न दें क्योंकि कोई भी आपके दिए अवशेषों को इधर उधर फेंक सकता है, जो विवादों का कारण बन जाता है । उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में न ले अपने हल्का सिपाही, दरोगा और थाना प्रभारी सहित मुझसे भी संपर्क कर अवगत करा सकते है। पुलिस हर समय हर कदम पर आपके लिए और आपके साथ है। बैठक में सीओ देश दीपक सिंह, थाना प्रभारी योगेश मावी, एसआई जगत सिंह, रजत चौधरी, मुकेश कुमार , सिपाही अमित वर्मा, सचिन, शक्तिराम, मनोज सहित दर्जनों सिपाही मौजूद रहे ।

# नव विवाहिता का पति पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** दो माह पूर्व अपने ही गांव के युवक से हुई शादी के बाद एक नवविवाहिता ने अपने पति पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरा. ेप लगाया है । पीड़िता के अनुसार उसका पति सात सीट की एक गाड़ी की मांग करते हुए आय दिन उसके साथ मारपीट करता है । पीड़िता ने बताया कि उसकी मुंह दिखाई में आई करीब एक लाख की रकम को भी उसके पति ने दबाया हुआ है । वहीं पीड़िता के परिजनों ने बताया कि पुलिस को बीती 30 मई को प्रार्थना पत्र दिया गया था परंतु अभी तक भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहम्मद यूनुस पुत्र मौहम्मद ईशाक निवासी सब्दलपुर, थाना हीमपुर दीपा ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री रजिया का निकाह अपने ही ग्राम सब्दलपुर निवासी मोहसीन पुत्र अमीर के साथ दो माह पूर्व 14 जून 2025 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ अपनी हैसियत के अनुसार किया था । पीड़ित पिता ने बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति उनकी बेटी को एक सात सीट की गाड़ी के नाम पर प्रताड़ित करने लगा । पीड़िता का आरोप है कि उसे दो बार जान से मारने की कोशिश भी की जा चुकी है । उधर पीड़िता के पिता ने भी तहरीर में उनकी पुत्री की जान को खतरा बताया है । पीड़ित पिता का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखने के बजाय पुलिस ने आरोपित पति का शांति भंग में चालान कर मामले को रफादफा कर दिया। जबकि उनकी पुत्री को जान का खतरा बना हुआ है। वहीं जब थानां प्रभारी से वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि पीड़िता किसी भी समय थाने आ सकती है और मेडिकल कराकर अपना मुकदमा पंजीकृत करा सकती है।

# ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक

## मिलजुल कर त्यौहार मनाने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ईद उल अजहा के त्यौहार के मद्देनजर थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार धनराज कुमार ने की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना परिसर में ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर तहसीलदार धनराज कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के द्वारा नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक का आयोजन किया। इसमें तहसीलदार धनराज कुमार ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देश पर ही कुर्बानी की जाए। कोई भी नई परंपरा में सार्वजनिक स्थान पर कुर्बानी नहीं की जाए और कुर्बानी के बचे हुए अवशेषों को नियम अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा किसी भी एक स्थान पर दफन किया जाए।

शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने कहा कि कुर्बानी करते वक्त सभी मुस्लिम समाज इस बात का ध्यान रखे कि किसी की भी भावनाओं को कोई ठेस न पहुंचे और सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी नहीं की जाती है।

नगर के भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. विनीत देवरा ने कहा कि हमारे नगर में सभी त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए एक दूसरे का भरपूर सहयोग करते हैं और हमें आशा है कि पूर्व की भांति और बेहतर तरीके से कुर्बानी की जाएगी, जिससे किसी की भावना आहत नहीं होगी।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने आए हुए सभी ग्रामीण एवं शहर के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शहर आपका है और इसकी सुरक्षा और सफाई व्यवस्था व कानून व्यवस्था में आप सभी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। मुझे आशा है कि आप पहले से भी ज्यादा अपने नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का हर तरीके से सहयोग करेंगे और सरकार के द्वारा दिए गए गाइडलाइन के अनुसार ही अपने कुर्बानी के जानवर को कुर्बान करेंगे और किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नहीं करेंगे।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने पुलिस प्रशासन व नगर वासियों को आश्वा. सन दिलाया कि नगर पालिका द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। पानी की व्यवस्था, सफाई की व्यवस्था, कर्मचारियों की व्यवस्था और जिस स्थान पर कुर्बानी के बचे हुए अवशेष को दफन किया जाएगा उन जगहों को भी चिन्हित किया गया है। नगर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी और समय से नगर पालिका कर्मचारी बचे हुए कुर्बानी के अवशेष को उठाएंगे। यदि कहीं पर कोई देरी अगर हो जाए तो उसकी जानकारी तुरंत पालिका अध्यक्ष एवं या मुझे अधिशासी अधिकारी या प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार को दी जाए। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर ने कहा कि हमारे नगर में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी अपने त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं और ईद उल अजहा का त्यौहार फिर से शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाएगा।

इस मौकेपर वसीम उर्फ बबली कुरैशी, ग्राम चक बहादुर साहनी के ग्राम प्रधान कासिम अंसारी, नगर पालिका प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, डॉ. डा. कफील चौधरी, आरिफ गांधी व नगर और क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने विचारों में अपनी बात रखी तो वहीं बिजली कर्मचारी भी मौजूद रहे और नगर व क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया की पूरी तरीके से बिजली विभाग अपनी निगरानी करता रहेगा।

# वरिष्ठ पत्रकार जफर जैदी का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार जफर जैदी का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया।, वह कई बीमारियों से जंग लड़ रहे थे। उनके निधन से नगर, क्षेत्र और मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर नगर के पत्रकारों, राजनैतिक, साहित्यकारों, समा. जिक संगठनों, साहित्यकारों व जनप्रतिनिधियों और सहकारी चीनी मिल कर्मचारियों अधिकारियों में गहरा दुख व्यक्त किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद के मौहल्ला हवेलीतला जाब्तागंज निवासी जफर जैदी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे, उनकों किडनी, शुगर आदि की समस्या थी। उन्हें कुछ दिन पहले ही दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहा तबियत ज्यादा बिगड़ने पर कल ही उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। परिजन रात में वहां से उन्हें घर ले आए थे। देर रात्रि में ही तबियत बिगड़ने पर उन्हें नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। सुबह सवेरे उन्होंने दम तोड़ दिया। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। पत्रकार जफर जैदी के इंतकाल की खबर सुनकर शहर और पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। शहर में तमाम पत्रकारों, सामाजिक और राजनीतिक लोगों व जनप्रतिनिधियों व चीनी मिल कर्मचारियों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति, सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद, पत्रकार संघ नजीबा. बाद, वीआईपी प्रेस क्लब, नजीबाबाद प्रेस क्लब, अखिल भारतीय प्रेस परिषद, भारतीय किसान यूनियन टिकैत, भाकियू महात्मा टिकैत, भाकियू प्रधान आदि संगठनों से जुड़े लोगों ने भी दुख व्यक्त करते हुए शोक जताया।

बता दे कि वरिष्ठ पत्रकार जफर जैदी नगर के वरिष्ठ मीडियाकर्मी और किसान सहकारी चीनी मिल में कार्यरत रहे। जफर जैदी चीनी मिल कर्मचारी संगठन से भी जुड़े थे। उन्होंने शहर में स्टेडियम और स्टेप ग्राउंड के लिए काफी संघर्ष किया था, उन्होंने संघर्ष समिति भी बनाई थी। वह एक बेबाक, निडर और निष्पक्ष पत्रकार थे, जब वह लिखते थे, तो बेबाकी के साथ लिखते थे। उनकी लेखनी की लोग सराहना करते थे।

जफर जैदी कई वर्षों से शाह टाइम्स में काम कर रहे थे। हिंदी दैनिक शाह टाइम्स परिवार भी वरिष्ठ पत्रकार जफर जैदी के इंतकाल पर शोक व्यक्त करता है।

# उत्तर प्रदेश सरकार किसान हित में कर रही कार्य : वीएम पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना आयुक्त उ.प्र. लखनऊ के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री गन्ना कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद बदायूं की यदु शुगर मिल बिसौली के लगभग 14 से अधिक प्रगतिशील कृषकों ने जनपद बिजनौर की पीबीएस शुगर मिल चांदपुर में क्षेत्र भ्रमण किया।

## प्रगतिशील कृषकों का शुगर मिल चांदपुर गन्ना क्षेत्र में भ्रमण



प्राप्त समाचार के अनुसार वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक विकास प्रदीप सोलंकी द्वारा इस भ्रमण कार्यक्रम में आए सभी आगन्तुकों का स्वागत किया गया एवं सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक द्वारा ट्रैंच विधि से गन्ने की अधिक पैदावार कैसे लें एवं गन्ने में लगने वाले रोग एवं बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात गन्ना विकास परिषद चांदपुर के किसानों के प्लाटों में गन्ना किस्म को00118 एवं को. 0238 पेड़ी प्रबन्धन के प्रदर्शन प्लाटो में पेड़ी प्रबंधन डिवाईस के प्रयोग एवं नैनो यूरिया नैनो डीएपी के पर्णीय छिड़काव एवं अन्य कृषण क्रियाओं को भ्रमण के दौरान देखा। साथ ही साथ ग्राम हाशमपुर में कृषक संजीव कुमार के त्रिवर्षीय पेड़ी प्रबंधन प्रदर्शन प्लॉट में ट्रेश मलचर एवं को. 0238 में ट्राइकोडेर्मा के प्रयोग से लाल सड़न बीमार से बचाव के बारे में कृषक ने अपने अनुभव कृषकों से साझा किये। इस अवसर पर अनीश कुमार सिंह, ग्राम कुलचाना के कृषकों ने अपने खेतों पर ही सभी कृषि यंत्रों जैसे पेढ़ी प्रबंधन डिवाइस, छोटा ट्रेक्टर पॉवर वीडर, पॉवर स्प्रेयर आदि यंत्रों का प्रयोग कर प्रदर्शित किया। इसके पश्चात ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में कपिल कुमार के यहां नवीन गन्ना प्रजाति के प्रदर्शन प्लाट का अवलोकन किया। तत्पश्चात कृषक अनीश कुमार के खेत पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर विश्वामित्र पाठक द्वारा कृषकों को पेड़ी प्रबंधन एवं विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके पश्चात गन्ना विकास परिषद चांदपुर के ग्राम कुलचाना, हाशमपुर एवं हीमपुर बुजुर्ग में पेड़ी प्रबंधन एवं बसंतकालीन ट्रेंच विधि और सहफसली द्वारा गन्ना बुवाई के प्रदर्शन प्लाटों का भ्रमण किया।

इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर एवं चीनी मिल के अधिकारी मोहित चौधरी, सीडीओ विक्रम सिंह, सीडीओ प्रशांत देशवाल, संसार सिंह एवं कपिल देव सीडीएस एवं पीबीएस शुगर मिल चांदपर के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रगतिशील किसानों के भ्रमण के दौरान सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक का बाहरी क्षेत्र से आए किसानों के प्रति विशेष सहयोग रहा। सरकार, शासन और प्रशासन की नीतियों को विस्तारपूर्वक बताने पर कृषकों ने उनके सहयोग पर प्रशंसा की।

# नगीना थाने में शांति समिति की बैठक

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर होगी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना थाना परिसर में सोमवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम थाना नगीना परिसर में पीस कमैटी की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता एसडीएम आशुतोष जयसवाल ने की व कुशल संचालन राजकुमार बिश्नोई ने किया। एसडीएम आशुतोष जयसवाल ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी लोग एहतियात बरतें। किसी भी तरह का विवाद न हो और किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने त्योहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि त्योहार से पहले और त्योहार के दिन इंटरनेट और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी तरह का भड़काऊ, विवादित या आपत्ति. जनक पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मुफ्ती उवैस अकरम ने प्रति. बंधित पशुओं की कुर्बानी न करने की हिदायत दी। उन्होंने शासन की गाइडलाइन का पालन करने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने कहा कि पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्त करेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाह फैलने पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि बकरीद के मौके पर थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

अन्य वक्ताओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर संबोधन में कहा कि कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाए, इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं और वातावरण भी प्रभावित होता है। कुर्बानी के बाद उत्पन्न अवशेष को नगर पालिका द्वारा खुदवाए गए गड्ढों में ही निस्तारित किया जाए, इसे किसी भी हालत में खुले में न फेंका जाए। साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसी व्यक्ति को कोई समस्या या संदेह हो, तो वह सीधे थाना प्रशासन से संपर्क करे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सभासदों, धार्मिक गुरुओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने पर चर्चा की गई।

इस मौके पर चेयरपर्सन पुत्र सहराज खलील, हाजी रोशन, कय्यूम राइन, नीरज बिश्नोई, डॉ भूपेश चौहान, मकसूद उस्मानी, बदर मुनीम, उस्मान जैदी, शेख जमशेद, ईओ संदीप सक्सेना, आफताब प्रधान, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, एस एस आई दीपक कुमार, एसआई सोहन सिंह पुंढीर, एस आई सर्वेज खान, थाने का स्टाफ, मुफ्ती उवैस अकरम, मौलाना खलीक अहमद कासमी, मुफ्ती नबील आदि लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 04 के सम्पत्ति संख्या 69/3 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में अर्पित अग्रवाल पुत्र महेश कुमार अग्रवाल के नाम दर्ज है। अत: अर्पित अग्रवाल पुत्र महेश कुमार अग्रवाल का नाम निरस्त कर विकास कुमार अग्रवाल पुत्र अनिल कुमार अग्रवाल का नाम दर्ज किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 01 के सम्पत्ति संख्या 29 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में संजीव कुमार पुत्र इन्दर सिंह के नाम दर्ज है। अत: संजीव कुमार पुत्र इन्दर सिंह का नाम निरस्त कर श्रीमती लक्ष्मी रानी पत्नी सुरेन्द्र कुमार का नाम दर्ज किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 02 के सम्पत्ति संख्या 332 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में श्री चन्द्रहास शर्मा पुत्र बाबूराम शर्मा के नाम दर्ज है। अत: श्री चन्द्रहास शर्मा पुत्र बाबू राम शर्मा का नाम निरस्त कर डॉ. आदेश पाण्डेय व आयुषी सारंग पुत्री राम अवतार सिंह का नाम दर्ज किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**
प्रकीर्ण वाद सं. 517/2024
**काजल बनाम रिषभ**

1- श्रीमती काजल पत्नी रिषभ पुत्री शौपाल सिंह आयु 24 वर्ष नि. ग्राम चान्दा नंगली, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर, हाल निवासी ग्राम लाडनपुर, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर, पिन कोड:- 246726,
मो.नं.- 7830701936

2- कुमारी अनवी नाबालिग आयु लगभग 2 वर्ष पुत्री रिषभ संरक्षिका श्रीमती काजल माता नाबालिग स्वयं निवासी हाल ग्राम लाडनपुर, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर। ---- **प्रार्थनीगण**

**बनाम**

रिषभ पुत्र रावेन्द्र सिंह आयु 26 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट चान्दा नंगली, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर। 246726, मो.नं.- 7248608551, 8006148348

**-प्रतिपक्षी**

धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

थाना-हल्दौर

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 04/07/2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 04/07/2025

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

**सूचना आम बेदखली**

मेरा पुत्र बिजेन्द्र कुमार व उसकी पत्नी आरती मेरा कहना नहीं मानते है। वे अपनी मर्जी के मालिक है। जहां को दिल चाहता है चले जाते है तथा जब दिल चाहता है आ जाते है। मैं उनकी हरकतों से तंग आ गई हूं। मैंने अपनी सम्पत्ति में उनका हक समाप्त कर दिया है। बिजेन्द्र व आरती को मेरी सम्पत्ति में कोई हक नहीं मिलेगा तथा इन दोनों के किसी भी कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। इन दोनों को मैंने बेदखल कर दिया है।

**-माया देवी पत्नी श्री धर्मपाल सिंह निवासी मौहल्ला रामनगर, कस्बा व थाना नूरपुर, जिला बिजनौर मो.** 8958006112

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SONOO MALIK से बदल कर SONU MALIK रख लिया है। अब मुझे भविष्य में SONU MALIK के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

SONU MALIK S/O TASLIM
R/O VILLAGE DHAKKA KARAM CHAND
DISTT, BIJNOR

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHEHZAD से बदल कर SHAHAJAD AHAMAD रख लिया है। अब मुझे भविष्य में SHAHAJAD AHAMAD के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। SHAHAJAD AHAMAD S/O ABDUL SALAM R/O MOH. MUKARPUR KHEMA BIJNOR DISTT, BIJNOR

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम अर्जुन कुमार नाम जो कि आधार कार्ड में ARJUN KUMAR है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम (ARJUN) है। मेरी माता का नाम कुसुम देवी है। मेरे आधार कार्ड में सही नाम ARJUN करने की कृपा करें। **अर्जुन कुमार पुत्र श्री जयप्रकाश सिंह निवासी रामपुर मुरार उर्फ सूरा नंगली, पोस्ट गुनियापुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम टोडर सिंह नाम जो कि आधार कार्ड में TODAR SINGH है, जो कि गलत है। मेरा नाम भोपाल सिंह (BHOPAL SINGH) है। मेरी माता का नाम ओमवती है। मेरे आधार कार्ड में सही नाम BHOPAL SINGH करने की कृपा करें।

**टोडर सिंह पुत्र श्री होरी सिंह निवासी ग्राम मौज्जमपुर नारायण, पोस्ट बरमपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

# क्षत्रिय महासंघ का 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम

## जनसंख्या नियंत्रण पर किया मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के तत्वावधान में राजपूताना रिसोर्ट में एक विचार-विमर्शात्मक कार्यक्रम 'चाय पर चर्चा' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय 'जनसंख्या नियंत्रण: समय की मांग व राष्ट्र की आवश्यकता' रहा, जिस पर वक्ताओं ने गहन चिंतन, तर्कसम्मत विश्लेषण और समाधानपरक सुझाव प्रस्तुत किए।

सभा में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े बुद्धिजीवियों, सामाजिक प्रतिनिधियों और विचारशील व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने की। उन्होंने कहा, हमारा संगठन केवल सामाजिक मुद्दों की चर्चा तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. मनोज प्रताप सिंह ने जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. एन.पी. सिंह ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए नीति निर्माण और राजनीतिक इच्छाशक्ति आवश्यक है। नागेश्वर दयाल गहलोत ने ऐतिहासिक संदर्भों के साथ वर्तमान परिस्थितियों की तुलना कर इस विषय की गंभीरता स्पष्ट की। डॉ. आर.के. चौहान ने शिक्षा और जनजागरूकता को समाधान का सबसे सशक्त माध्यम बताया।

डॉ. वी.के. सिंह ने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भारत की स्थिति का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए संभावनाओं की चर्चा की। संयोजक डॉ. रवेंद्र सिंह एवं संरक्षक श्याम सिंह ने संगठन की भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। धनंजय सिंह डॉक्टर, अनिल कुमार सिंह, आशीष राजपूत, नीरज कुमार सिंह एडवोकेट, ठाकुर रविकांत, प्रीतम सिंह, मदनपाल सिंह, जयवीर सिंह एडवोकेट, अरविंद वत्स, सभासद संतोष राजपूत आदि ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग से मारपीट

**नहटौर।** गांव नवादा चौहान में भूमि के विवाद को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें एक बुजुर्ग घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव नवादा चौहान के सुभाष ने आरोप लगाया कि उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने के लिए 31 मई को उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की। रविवार को आरोपी पक्ष ने उनके खेत पर आकर जबरन कब्जे का प्रयास किया और मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उसके गंभीर चोटे आई। जब उसकी पुत्रवधू उसे बचाने आई तो उसके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# दिव्यांश ने जेईई एडवांस्ड में हासिल की ऑल इंडिया 4817वीं रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा सोमवार, 2 जून को घोषित किए गए जैईई एडवांस्ड 2025 के परिणाम में ब्लॉक प्रमुख धामपुर क्षमा हेमलता चौहान के भांजे दिव्यांश प्रताप सिंह ने सफलता का परचम लहराया है। दिव्यांश ने देशभर की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया 4817वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दिव्यांश, भूपेंद्र सिंह चौहान एवं गीता देवी के पुत्र हैं तथा उत्तराखंड के पूरनपुर नादेही गांव के निवासी हैं। उन्होंने कोटा (राजस्थान) में रहकर अपनी माता के साथ पढ़ाई करते हुए यह सफलता हासिल की।



## परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर

दिव्यांश ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, एवं अपने मामाओं-मामियों ललित चौहान-श्रीमती सपना चौहान और नीरज प्रताप सिंह-क्षमा हेमलता चौहान (ब्लॉक प्रमुख धामपुर) को दिया। परिवार में इस खबर से खुशी का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

बधाई देने वालों में विधायक अशोक कुमार राणा, यूपी कोऑपरेटिव बैंक लखनऊ के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह, अमन चौहान, सुनिधि, दिव्यांशी, मयंक चौहान, नवीन चेयरमैन, पंकज नवादिया, रवीन्द्र प्रधान फिरोजपुरिया, खेम सिंह, विकास और नागेश आदि प्रमुख रहे।

इस सफलता से प्रेरित होकर कई छात्र भी दिव्यांश की तरह कठिन परिश्रम और समर्पण से तैयारी करने का मन बना रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने दिव्यांश के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पुलिस ने आरएएफ के साथ किया फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ईद उल अजहा त्यौहार के मद्देनजर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिगत सहायक कमांडेड आरएएफ के साथ फ्लैग मार्च कर शांति का सन्देश दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी शनिवार को ईद उल अजहा के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ राजेश कुमार सोलंकी एवं थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने रैपिड एक्शन फोर्स बटालियन के कंपनी उप कमांडेंट सत्यवीर सिंह मय फोर्स के साथ संवेदनशील क्षेत्रों व कस्बा अफजलगढ़ के विभिन्न मौहल्लों जसपुर तिराहा, ढ़ाली बाजार, मस्जिद चौक, सर्राफा बाजार, होली चौक व ग्रामीण क्षेत्रों भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला, मानियावाला, सीरवासुचन्द, कासमपुर गढ़ी आदि में फ्लैग मार्च कर शांति का संदेश दिया एवं लोगों से शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

# शराबियों की दबंगई से महिलाएं परेशान

## शराब की दुकान हटाने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शहर के सूर्य नगर कॉलोनी के निवासियों ने जैतरा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग की है। कॉलोनीवासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि शराब की दुकान के चलते क्षेत्र की महिलाओं, बच्चियों और बुजुर्गों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैतरा रेलवे फाटक के पास स्थित देशी शराब की दुकान (हट्टी संख्या-2) से शराब खरीदने वाले लोग आस-पास खड़े वाहनों की आड़ में खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। कुछ असामाजिक तत्व रेलवे लाइन किनारे भांग पीते हैं और धूम्रपान भी करते हैं। यह स्थिति सुबह से लेकर देर शाम तक बनी रहती है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अक्सर शराबियों को नशे में धुत होकर सड़क पर उल्टी करते या मूर्छित अवस्था में पड़ा देखा जाता है। महिलाओं ने बताया कि कई बार शराबी अभद्र टिप्पणियाँ भी कसते हैं, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पास ही एक मंदिर है, जहां जाने के लिए यही मार्ग है। शराबियों की उपस्थिति के कारण महिलाएं और बुजुर्ग वहां जाने से कतराने लगे हैं। साथ ही बच्चों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उक्त शराब की दुकान को धार्मिक स्थल और रिहायशी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# निराश्रित दिव्यांगजनों को दिया जाएगा अनुदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया है कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र लखनऊ द्वारा संचालित मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजनों के लिये आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन के लिये यथा निर्धारित कार्यों के लिये स्वैच्छिक संगठनों को आवश्यक पात्रता के आधार पर अनुदान दिये जाने के लिये अनुदान प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है।

मानसिक रूप से रूग्ण दिव्यांग. जनों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए शासकीय कार्यक्रमों के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं की भागीदारी की आवश्यकता के दृष्टिगत शासनादेश द्वारा उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजनों के लिये आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन के लिये स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान किये जाने के लिये संशोधित दिशा-निर्देश जारी किये गये है।

उन्होंने बताया कि नि:शक्त वियक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पंजीकृत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो मानसिक मदिता के क्षेत्र में अनुभव तथा उक्त योजना के लिये पात्रता रखते हों, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र की बेबसाईड से प्रश्नगत योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देश व आवे. दन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सकते है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्रता रखने वाले स्वैच्छिक संस्थान मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजनों के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन के लिये अनुदान प्रस्ताव समस्त प्रपत्रों के साथ तीन प्रतियों में 30 जून तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय विकास भवन बिजनौर में जमा कर सकते है।

# बिगड़ती जलापूर्ति के विरोध में धरना

## जलापूर्ति सुचारू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं ने कस्बे की बिगड़ती जलापूर्ति के विरोध में स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर जलापूर्ति सुचारु करने की मांग की।



सोमवार को कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के स्थानीय शाखा सचिव कामरेड अखलाक खां, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कामरेड शराफत हुसैन व पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड चौधरी हरपाल सिंह माकपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और नगर पंचायत प्रशासन पर आरोप लगाया कि पर्याप्त विद्युत आपूर्ति मिलने के बाद भी पिछले एक सप्ताह से कस्बे के 80 प्रतिशत भाग की नगर पंचायत के जलकल विभाग की जलापूर्ति ठप्प है।

कस्बे की अधिक आबादी इस जलापूर्ति पर निर्भर है। गर्मी के समय पानी नहीं मिलने पर नगरवासियों को घोर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। चार दिन बाद बकरीद का त्यौहार है, जिसमें पानी की अधिकांश जरूरत पड़ती है। जलापूर्ति में अविलंब सुधार की मांग को लेकर माकपाइयों ने नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर नगर पंचायत अध्यक्ष व बोर्ड कमेटी पर जलापूर्ति व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं देने के आरोप लगाए।

सांकेतिक धरने में कामरेड चौधरी हरपाल सिंह, अखलाक खां, पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन, मौहम्मद यूनुस व मौहम्मद शहजाद आदि शामिल रहें। नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ को संबोधित ज्ञापन पंचायत लिपिक नीरज को दिया गया, जिसमें अविलंब समस्या का समाधान नहीं होने पर अनशन व आमरण अनशन करने की चेतावनी दी गई। उधर इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. दिलशाद अंसारी का कहना है कि जलकल के एक टैंक के खराब हो जाने पर कस्बे के दो मौहल्लों पठानान व नौमी की जलापूर्ति प्रभावित हुई थी टैंक के रिबोर पश्चात इन मोहल्लों की जलापूर्ति सुचारु हो गई है। चेयरमैन डॉ. दिलशाद का कहना है कि पठानान व नौमी के कुछ घरों में पानी प्रेशर के साथ नहीं पहुंच पाता है। नगर पंचायत उत्पन्न समस्या के स्थायी समाधान के लिए इन दोनों मौहल्लों के लिए अलग टैंक निर्माण के लिए उचित भूमि तलाश रही है। जल्दी ही टेंकों का निर्माण कार्य शुरु कराया जाएगा।

# भाकियू की मासिक बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** आज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बरूकी क्षेत्रीय मासिक पंचायत ग्राम बरुकी में संपन्न हुई। जिसमें 15 जून से हरिद्वार में होने जा रहे तीन दिवसीय किसान महाकुंभ चिंतन शिविर ब क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया की बरुकी क्षेत्र के कार्यकर्ता कल (अरज) से 15 जून को हरिद्वार में होने जा रहे तीन दिवसीय किसान महाकुंभ चिंतन शिविर में क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर किसानों से जनसंपर्क कर किसान महाकुंभ चिंतन शिविर में चलने के लिए जागरूक करेंगे। पंचायत में जिला मीडिया प्रभारी संदीप त्यागी, ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, क्षेत्र संगठन अध्यक्ष अमरदीप सिंह, तिलकराम खौबे, बेगराज सिंह, मिंदर सिंह, नरपल सिंह, राजवीर सिंह, मनपाल सिंह, राधेश्याम, धर्मवीर सिंह, कार्मेंद्र सिंहआदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाकुंभ चिंतन शिविर के लिए करेंगे जनसंपर्क

## एक नजर

### कलाकारों को किया जाएगा पुरस्कृत

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा वर्ष 2022-2023 तथा 2024 के लिए अकादमी पुरस्कार के लिए निर्धारित नियमावली के अनुसार नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अकादमी पुरस्कार के लिए उत्तर प्रदेश के निवासी ऐसे विशिष्ट कलाकारों के नाम पर विचार किया जाएगा, जिसने उत्तर प्रदेश में जन्म लिया हो और विगत 10 वर्ष से प्रदेश, देश/विदेश में कहीं भी कला सेवा में रत हो अथवा उसने प्रदेश के बाहर जन्म लिया हो, परंतु उसने पुरस्कार के लिए विचार किए जाने वाले वर्ष से पूर्व कम से कम एक दशक तक निरंतर उत्तर प्रदेश में रहकर संगीत, नृत्य एवं रंगमंच के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान किया हो। उन्होंने अकादमी पुरस्कार के लिए निर्धारित विधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि गायन, वादन, नृत्य, रंगमंच, समीक्षा, लेखन तथा कला उन्नयन के क्षेत्र में कलाकारों को पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अकादमी पुरस्कार नियमावली 2019 के अंतर्गत लोक विधाओं के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों की संस्तुति के आधार पर भी निर्धारित प्रारूप में नामांकन प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने जिले के लोक विधाओं के कलाकारों का आह्वान किया है कि अकादमी पुरस्कार के लिए वे अपने नाम, बायोडाटा तथा संबंधित अभिलेख सहित अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र के साथ उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) विपिन खंड गोमती नगर लखनऊ - 226010 अथवा जिलाधिकारी के माध्यम से 15 जून 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### तंबाकू निषेध दिवस पर काव्य गोष्ठी



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति के गोरखपुर के कार्यक्रम संयोजक व प्रभारी नन्द लाल मणि त्रिपाठी द्वारा गोरखपुर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता चन्द्रगुप्त प्रसाद वर्मा द्वारा की गयी। कार्यक्रम में विवेकानन्द विश्वकर्मा, पंडित दानका प्रसाद इंजीनियर, आचार्य कृष्ण कुमार शर्मा, रामचन्द्र शर्मा, नन्दलाल मणि त्रिपाठी, दिनेश गोरखपुरी, बद्रीनाथ सवरिंया, अरविन्द अकेला आदि द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बहुत सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम के अंत में धामपुर की संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा सभी का आभार व्यक्त की गया।

### जिलाधिकारी ने दिए जांच के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली से पौड़ी पर बनने वाले माउंट लिट्रा स्कूल के पास पुल का लिंटर अचानक गिर जाने की घटना की जांच उप जिलाधिकारी सदर द्वारा कराई गई। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को उक्त प्रकरण की निर्माण सामग्री सहित संपूर्ण जांच करने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जांच में निर्माण सामग्री मानक के अनुरूप न पाए जाने अथवा लापरवाही संज्ञानित होना सिद्ध होने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# किसानों के लिए बासमती धान की खेती फायदेमंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक खेती, बासमती धान की खेती, पशुपालन, ब्रांड आधारित कृषि तकनीक, गन्ना उत्पादन तकनीक, मृदा परिक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे सब्जी अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल फसल किस्में, जल संरक्षण तकनीक और एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीक, पोषण उद्यान अपनाने और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से लड़ने की भी जानकरी दी गई। किसानों द्वारा लाये गए गन्ने का निरिक्षण करके उसका समुचित इलाज भी बताया गया।

इसमें कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों व अन्य कर्मचारियों ने तीन टीमों में बंटकर कार्य किया जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारी उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र, आदित्य कुमार उपस्थित रहे। सोमवार को ब्लॉक नजीबाबाद के गाँव शमीपुर, मोटाढाक, बिजोरी, रफीपुर मोहन, रामपुर छाता, सबलगढ़, ब्लॉक-अफजल गढ़ के गाँव अलहेपुर मो. हकम, हरकिसनपुर, मोहमदपुर राजौरी आदि गाँवों में किसानों से वार्ता की गई।

# राष्ट्रीय राजमार्ग गड्ढों में तब्दील

## आरटीआई कार्यकर्ता ने उठाया मुद्दा, सड़क निर्माण कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग में हो रखे गहरे गहरे गड्ढों को भरने तथा मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग संबंधित मंत्रालय से की गई हैं।



आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया है कि नजीबाबाद में कोटद्वार मार्ग स्थित बिहारी के तिराहे से पुकार टॉकीज होते हुए जोगीरम्पुरी मार्ग जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग 119 के अधीन आता है।

वर्तमान में खस्ता हालत में पड़ा हुआ है। जहां तहां गहरे गहरे गड्ढे हो रखे हैं। इस कारण आम जनमानस को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। इस कारण प्रदूषण भी फैल रहा है।

आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि पूर्व में जब संबंधित मंत्रालय को अवगत कराया गया था तो राष्ट्रीय राजमार्ग ने उक्त मार्ग को अपना मार्ग बताते हुए रेलवे फाटक के पास मौजूद एक गड्ढे को तो भर दिया गया। वहीं सड़क बनाने का वादा भी राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा किया गया था परंतु अभी तक सड़क नहीं बनाई गई। अत: सुरक्षित आवागमन के लिए उक्त मार्ग का बनाया जाना बेहद जरूरी है।



सम्भल-आलम सराय देहात स्थित कब्रिस्तान में ध्वस्तीकरण करती जेसीबी मशीन।

ग्राम समाज की भूमि पर कब्रिस्तान बनाने का आरोप

# कब्रिस्तान पर गरजा बुल्डोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दो दशक से भी अधिक समय से स्थित कब्रिस्तान को नगर पालिका की जे सी बी से साफ कराया गया।पुलिस की मौजूदगी में प्रशासन की मौजूदगी में बुल्डोजर चलवाया गया। कब्रिस्तान ग्राम समाज की भूमि पर होने पर कब्ज़ा मुक्त की कार्रवाई की जाना बताया जा रहा है।

नगर के निकट वर्ती आलम सराय देहात में वर्षो से कब्रिस्तान बना हुआ है। जिस पर नई व पुरानी कब्रें बनी हुई हैं। सोमवार को तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह नगर पालिका परिषद की दो जे सी बी लेकर पहुंचे और कब्रिस्तान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करायी।मौके पर शांति और सुरक्षा के मददेनजर पुलिस व पीएसी के जवानों को तैनात किया गया। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार आलम सराय देहात में बंजर भूमि थी। जिस पर कब्ज़ा करके कब्रिस्तान को बना दिया गया था। इसकी शिकायत एसडीएम से की गयी थी। इस मामले में सुनवायी के दौरान यह भूमि बंजर मिली। उन्होने बताया कि यह भूमि वास्तव में बंजर है। इस पर अवैध कब्ज़ा करके कब्रिस्तानबनाकर कब्ज़ा किया गया था। अब इस भूमि को दोबारा बंजर भूमि का इंद्राज कराया गया है। उन्होने बताया कि 65 एयर भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराकर ग्राम समाज को कब्ज़ा दिलाया गया है। इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भी भेजी जाएगी। कब्रिस्तान चतुर्मुख कूप के निकट स्थित है।

**0दो दशक से भी पुराने कब्रिस्तान में थीं नई व पुरानी कब्रें**

# गंगा एक्सप्रेसवे रोड पर मक्का डालकर ग्रामीण निर्माण कार्य कर रहे बाधित

शाह टाइम्स ब्यूरों

**सम्भल।** गंगा एक्सप्रेसवे रोड पर मक्का डालकर हादसों को निमंत्रण दिया जा रहा है जबकि आसपास गांवो के बच्चे और महिलाऐं मार्ग पर घूम रहे हें जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। कार्यदायी संस्था की ओर से लगातार डायल 112 को शिकायत करने के बाद अंदेख कर दिया गया। पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों से सहयोग की अपील की गई है।

गंगा एक्सप्रेसवे का रोड का निर्माण कार्य मैसर्स सी.डी.एस. इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य प्रगति पर है।जबकि गंगा एक्सप्रेसवे रोड उत्तर प्रदेश शासन का एक महत्वकांशी और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। जिसे समय से पूरा किया जाना है लेकिन गंगा एक्सप्रेसवे रोड के उपर निकट के ग्रामों के किसान रोड पर जबरन कब्ज़ा कर मक्का फैला रहे है। इससे रोड निर्माण कार्य बाधित हो रहा है जबकि रोड के उपर मक्का के साथ-साथ जगह-जगह ट्रैक्टर खड़े कर बहुत सारे बच्चे और महिलाएं भी रोड के उपर घूम रहे है। जिसके चलते निमार्ण कार्य में लगे भारी व बड़े वाहनों से हादसे का भी खतरा बना रहता है।इतना ही नही रोड के मिडियन में लगे पेड़ पौधे पानी ना डालने की वजह से सूख रहे है। क्योकि रोड के उपर मक्का डालने की वजह से कार्यदायी संस्था के वाहन चल नहीं पा रहे हैं।मक्का फैलाने से किसी भी समय भंयकर हादसा होने की सम्भावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। डायल 112 पर लगातार शिकायत दर्ज करायी, लेकिन कोई समाधान नहीं कराया जा सकता है। कार्यदायी संस्था के मैसर्स सी डी एस हल्का प्रोजेक्ट के मधुकर ने बताया कि यदि इसी तरह किसानों द्वारा जबरदस्ती रोड के उपर कब्जा करके मक्का सुखाया जाता रहा तो ना सिर्फ भंयकर हादसे का खतरा है बल्कि समय पर प्रोजेक्ट पूरा हो पाना है। उन्होने समस्या के समाधान में सभी ग्राम वासियों, सम्बन्धित प्रधानों के अलावा पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले में सहयोग माँगा है।

**0कार्यदायी संस्था के सीडीएस हल्का प्रोजेक्ट ने पुलिस प्रशासन से मांगा सहयोग**





सम्भल-कब्रिस्तान में ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान मौजूद राजस्व अधिकारी एवं सुरक्षा के लिए मौजूद पुलिस बल।

# समाज हित संरक्षण समिति की बैठक में उत्पीड़न के आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** समाज हित संरक्षण समिति की बैठक में पुलिस व भाजपा के कुछ नेताओं पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर जसकोली मे आयोजित समिति की बैठक में महंत भगवान दास ने बताया कि समिति ने गंदगी फैलाने के संबंध में एक ज्ञापन पुलिस उपाधीक्षक असमोली को दिया जिसमें समस्या का समाधान न होने पर धारना प्रदर्शन करना पड़ा तभी से सी ओ समिति अध्यक्ष से रंजिश मानने लगे इसी बिना पर समिति अधयक्ष को पुलिस उपाधीक्षक असमोली ने एक झूठे मुकदमे में फंसा दिया

# मंडी में गेहूं के अलावा अन्य उत्पादन की हो खरीद फरोख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** कृषि उत्पादन मंडी समिति बबराला में सुपर मार्केट और फल व सब्जी मंडी खोले जाने का प्रस्ताव 22 वर्ष पूर्व भेजा गया था। जिसका संज्ञान लेकर सुपर मार्केट की दस दुकानें तैयार हो गयीं है। इनका आवंटन नीलामी से होगा। लेकिन यहां गेहूं के अलावा अन्य खरीद न होने से किसान परेशान हैं।उनको अपने उत्पादन को औने-पौने दामों पर बेचना पड़ता है।लोगों ने कहा कि मंडी में और दुकानें बनाये जाने को मंजूरी दी जाये। नगर में कृषि उत्पादन मंडी समिति 18.65 एकड़ भूमि पर वर्ष 1988 में स्थापित हुई थी। किसानों को गेंहू के अलावा अन्य फसलों व फल एवं सब्जी मंडी सुचारू होने की सुचारू होने की आस है।अगर यह शुरू हो जाये तो किसानों को फसल उत्पादन का समुचित लाभ मिल सकेगा। दिनेश कौशल ने कहा कि मंडी में सुपर मार्केट की दस दुकाने बनकर तैयार हैं। इनके बनने से लोगों की आय के साधान बढ़ जायेंगे। इसमे सभी उत्पादनों की बिक्री हो। बजट में मंडी में और दुकानें बनाने की स्वीकृति दी जाये। अनिल अग्रवाल ने कहा कि मंडी में अभी तक केवल गेहूं की खरीद-फरोख्त होती है।जबकि अन्य फसलों के उत्पादन,फल व सब्जी मंडी से क्षेत्र के किसानों को उचित व सही दाम उत्पादन के मिलने चाहिए। संजीव अग्रवाल ने कहा कि बबराला में सुपर मार्केट आरम्भ होने से लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।यहाँ ाल एवं सब्जी मंडी आरम्भ हो। अभय वार्ष्णेय ने कहा कि मंडी समिति में दुकानें और भी बनाई जायें। जिससे लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें। मंडी में इसके लिए काफी स्थान है। इसका प्रावधान किया जाये। इससे समिति को भी लाखों का राजस्व प्रतिवर्ष मिलने लगेगा।

**0फल व सब्ज़ी की भी हो बिक्री**

# समर कैम्प में छात्राओं ने कैटवॉक व चित्रकारी की

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप के तेरहवें दिवस का शिक्षिका नेहा यादव की देखरेख में छात्राओं ने कब्डडी और वालीबाल खेला। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने कब्डडी में छात्राओं को नियम और समय ज्ञान की जानकारी देना के बाद सब जूनियर व जूनियर की टीम के मैच कराएं। सब जूनियर में अनामिका और जूनियर में नंदिनी की टीमें विजयी हुई। वालीबॉल प्रतियोगिता में परिणाम बराबरी पर रहा।इन खेलों के अतिरिक्त छात्राओं ने रस्सी कूद,खो खो, बास्केटबॉल, लूडो,कैरमबोर्ड आदि का आनंद लिया।'अवसर मंच' पर शिक्षिका अनुराधा ने छात्रओं को स्पेलिंग चौलेंज दिया। नेहा यादव ने कैटवॉक, चित्रकारी, नृत्य सिखाया, छात्राओं ने टीचर्स एक्टिंग किया।

**0कबड्डी वॉलीबॉल खेला**



सम्भल-कलैक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक में बोलते इमामे इदगाह हाजी ज़हीरूल इस्लाम।

## हार्वेस्टिंग सिस्टम को बैठक में भूजल स्तर पर चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में रुफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर आयोजित बैठक में सहायक अभियंता लघु सिंचाई जितेन्द्र शुक्ला द्वारा विकासखण्ड वार भूजल स्तर के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद के आठ विकासखण्ड में से तीन विकासखण्ड क्रिटिकल जोन पवांसा, सम्भल एवं बनियाखेड़ा में हैं तथा विकासखण्ड रजपुरा सेफ जोन में हैं। एवं अन्य विकासखण्ड सेमी क्रिटिकल जोन में हैं। जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित किया।

# कुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर न करें साझा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भला।** तंजीम उलामाऐ अहले सुन्नत के महासचिव मौलाना फैजान अशरफ हामिदी ने कहा कि प्रचार-प्रसार और खासतौर पर सोशल मीडिया पर कुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें आदि साझा करने से बचें। बकरीद पूरे देश में अगले शनिवार 7 जून, 2025 को मनाया जाना है। इस दिन की मान्यता का इतिहास यह है कि पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह की राह में सबसे पहले कुर्बानी दी थी। इस्लामिक रवायत के मुताबिक, पैगंबर हजरत इब्राहिम को उनके सपने में अल्लाह की तरफ से संदेश मिला था कि वह अपनी सबसे प्यारी चीज की कुर्बानी दें, जिसके बाद पैगंबर हजरत इब्राहिम ने अपनी सबसे प्यारी चीज यानी अपने बेटे हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान करने का निर्णय किया और जब हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे को कुर्बान करने के लिए अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर कुर्बानी दी और इसके बाद जब अपनी आंखों पट्टी हटाई, तो देखा कि उनके बेटे हजरत इस्माइल की जगह पर एक दुंबा की कुर्बानी हो गई थी। इसी वाक्ये के बाद से यह परंपरा शुरू हुई कि हर साल बकरीद के मौके पर जानवर की कुर्बानी दी जाती है। उन्होने उन्होंने कि अगर किसी जगह शरारती तत्व काले जानवर की कुर्बानी से भी रोकते हैं तो समझदार और प्रभावशाली लोगों के मायम से स्थानीय प्रशासन को विश्वास में लेकर कुर्बानी की जाए। अगर फिर भी खुदा न ख्वास्ता इस धार्मिक फर्ज की अदायगी का कोई रास्ता न निकले तो पास के किसी ऐसे इलाके में कुर्बानी कर दी जाए, जहां कोई परेशानी न हो. हालांकि, जहां पर कुर्बानी होती आई है और इस समय परेशानी है, वहां कम से कम बकरे की कुरबानी जरूर की जाए और उसकी सूचना प्रशासनिक दफ्तर में दर्ज करा दी जाए ताकि भविष्य में कोई समस्या न हो।

# भव्यता दिव्यता के साथ मनेगा कल्कि महोत्सव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** 65 वें श्री कल्कि जयंती महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर रणनीति बनायी गई जबकि महोत्सव दिव्यता व भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

मौहल्ला कोट पूर्वी स्थित श्रीकल्कि विष्णु मंदिर में आयोजित बैठक के शुभारम्भ से पूर्व भगवान श्री कल्कि के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर 11 बार कल्कि महामंत्र का जाप किया। बैठक में संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी 29 जुलाई एवम् 30 जुलाई 2025 को श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल द्वारा 65 वां श्री कल्कि जयंती महोत्सव कार्यक्रम पूर्ण दिव्यता और भव्यता के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसे लेकर समस्त तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। मंदिर की रंगाई -पुताई, मंदिर की बाउंड्री पर चित्रकारी और भगवान श्री कल्कि जी के गारूणी रथ की मरम्मत व सजावट का कार्य प्रारंभ हो गया है। अति शीघ्र निमंत्रण पत्र का विमोचन होने के बाद कार्यक्रम में देश के प्रत्येक कोने से कल्कि भक्तों को निमंत्रण पत्र भेजकर आमंत्रित किया जाएगा। कल्कि नगरी की इस पावन धारा पर आकर सभी भक्त भगवान श्री कल्कि के जन्मोत्सव में सम्मिलित होंगे। बैठक में भगवान श्री कल्कि जी के इस 65 वें जन्मोत्सव को अधिक दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित रूप से मनाने के लिए सभी कल की सैनिकों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में उज्ज्वल सक्सेना ने बताया कि 65 वें श्री कल्कि जयंती महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां व व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान श्री कल्कि की पुकार ही सभी दुखों को दूर करने का एक सरल मार्ग है।इस दौरान गगन वार्ष्णेय, कुलदीप कुमार गुप्ता, सुभाष त्यागी, उज्ज्वल सक्सेना, ;षभ श्रीवास्तव, शंकर शर्मा, अक्षय शर्मा मोंटी, अर्पित कश्यप, रानू गुप्ता, अनुराग रस्तोगी, प्रियांशु अग्रवाल, यश गुप्ता, संजू कश्यप, नीलम वार्ष्णेय, सुषमा गुप्ता, सुभाष खन्ना, आशीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे। बैंठक की अध्यक्षता पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा व संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

**0बैठक में तैयारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां**

# साम्प्रदायिक सदभाव के साथ मनाएं ईद-उल-अजहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भला।** शांति समिति की बैठक में ईद उल अदहा पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने धर्मगुरूओं के साथ बैठक में वार्ता। बैठक में नई परम्परा नहीं डालने और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने के साथ अफवाहों पर ध्यान नहीं देकर पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कष्ण कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी के सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में प्रमुख धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता की गई। जबकि आगामी त्यौहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सदभाव के साथ मनाने पर ज़ोर दिया। इसके अलावा त्यौहार पर किसी नई परंपरा के नहीं डाले जाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी नहीं किए जाने से अवगत कराया गया साथ ही पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। गोष्ठी में इमामे ईदगाह मौलाना हाजी जहीरूल इस्लाम, मुफ्ती आलम रजा नूरी के अलावा क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक कुमार, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी अनुज चौधरी, क्षेत्राधिकारी यातायात डा. प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक कुमार तथा प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

**0सार्वजनिक स्थल पर नहीं करें कुर्बानी, अफवाहों से बचने पर ज़ोर**

## राष्ट्र धर्म का करें पालन: श्रीमाली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत महायोगी गोरखनाथ महातपा के 45 पैतालिस बी कडी में शनिदेव,राहु देव और केतू देव ग्रह का पूजन अर्चन दान सामग्री अर्पण कर यज्ञ,योग, जाप,तर्पण,सेवा सत्कर्म और दोनो संध्याओं में आरती वंदना की गयी।



सम्भल-नखासा कोतवाली में निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच करते डीआईजी।

## मिलावटी दूध का कारोबार

**सम्भल।** नगर में मिलावटी दूध का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। लोग यह दूध पीने को मजबूर हैं।

# पति की मौत के बाद महिला को घर से निकाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भला।** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला को पति की मृत्यु के बाद ससुराल वालों ने दहेज को लेकर घर से निकाल दिया। जहां महिला की तहरीर पर पुलिस ने छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव निवासी महिला सर्वेश पत्नी सुदेश की शादी लगभग 4 वर्ष पहले रजपुरा थाना क्षेत्र के रजपुरा खास निवासी सुदेश पुत्र चरन सिंह के साथ हुई थी। जहां ससुराल के लोग दहेज में दो लाख रुपए तथा एक सोने की अंगूठी की मांग करने लगे। जबकि इसका विरोध महिला का पति सुदेश भी करता था। लेकिन ससुराल के लोग फिर भी नहीं मानते थे। बीते 17 मई को पति की मृत्यु के बाद महिला सर्वेश अपनी रजपुरा में अपनी ससुराल पहुंची तो उसे घर में नहीं घुसने दिया। महिला के तीन बच्चों सहित उसे घर से निकाल दिया। महिला अपने मायके कैला देवी थाना क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव में आ गई। दहेज की मांग करने वाले ससुर चरन सिंह, सास मीरा, जेठ राजेश, जेठानी अनीता, ननद नीरज तथा नीतू के खिलाफ तहरीर दी थी। जहां पुलिस ने उपरोक्त सभी के खिलाफ घर में नहीं घुसने देने तथा दहेज अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

**0छह पर दर्ज की गई रिपोर्ट**

# बबराला स्टेशन पर हो आरक्षण की सुविधा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बबराला।** माँ गंगा जन कल्याण समिति सदस्यों की गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर बैठक हुई।जिसमे नगर के बबराला स्टेशन पर जनसुविधाओं की व्यवस्था की मांग उठाई गयी।

माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के महामंत्री योगेन्द्र सिंह ने कहा कि स्टेशन पर आरक्षण की व्यवस्था,विश्राम गृह,ओबर ब्रिज की स्थापना होनी चाहिए। सदस्यों ने कहा कि अलीगढ़ बरेली रेलवे मार्ग पर स्थित बबराला महत्वपूर्ण स्टेशन है लेकिन यहां सुविधाओं का अभाव है।यहां यात्रियों को आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। जबकि ठहरने के लिए विश्राम गृह की व्यवस्था नहीं है। रात्रि में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।यहां ओवर ब्रिज भी नहीं बना है। जिसकी वजह से लाइन पार करने में जान जोखिम में रहती है। जबकि स्टेशन से अधाक संख्या में यात्री,यात्रा करते हैं।फिर भी यहां सुविधाएँ नहीं हैं।नगर व क्षेत्र के लोगों ने इसकी मांग रेलवे उच्च अधिकारियों से की लेकिन कोई हल नहीं निकल सका है। मां गंगा जन कल्याण समिति सदस्यों ने स्टेशन पर समुचित व्यवस्था की मांग की है।इस दौरान समिति के पुष्पेन्द्र शर्मा,सूरज शर्मा,विशाल भारद्वाज,राजा पाठक,यशु शर्मा, बाबू शर्मा,धरुव आदि मौजूद रहे।

**0स्टेशन पर जनसुविधाओं का अभाव**

# रसायनिक गतिविधियों पर आधारित होते हैं सभी चमत्कार और जादू रासायनिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** समर कैंप के दौरान जिला विज्ञान समन्वयक लगातार विद्यालय में पहुंचकर विज्ञान के जरिए चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या और प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। जहां ढोंगी और पाखंडियों को चमत्कार के बहाने बचने की अपील भी कर रहे हैं।

समर कैंप के दौरान सम्भल तहसील क्षेत्र के भारतल सिरसी स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या और प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय प्रधानध्यापक अभिषेक रस्तोगी और जिला विज्ञान समन्वयक राजू सिंह यादव ने पानी से दिया जलाकर किया। जिला विज्ञान समन्वयक राजू सिंह यादव ने बताया कि सभी चमत्कार और जादू रासायनिक गतिविधियों पर आधारित होते हैं। हमें किसी ढोंगी और पाखंडियों के बहकावे में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी चमत्कार और जादू रासायनिक गतिविधियों पर आधारित है। कार्यक्रम के दौरान राजू सिंह यादव ने उपस्थित सभी स्कूली बच्चों के सामने ढोंगी और पाखंडियों की पोल खोली। जहां उन्होंने आग से नहाना, कागज से नोट बनाना, चाकू से लौटा उठाना, पानी गायब करना, छलनी से पानी रोकना, मनोवैज्ञानिक सम्मोहन करना, नींबू से भूत भगाना, आदि वैज्ञानिक प्रयोग के द्वारा अंध विश्वास का खुलासा किया। विद्यालय में बनाई गई खगोल विज्ञान लैब में उपलब्ध टेलिस्कोप से दूर स्थित वस्तुओं का अवलोकन कराया। इस दौरान अंकेश यादव अभिषेक प्रिंस वर्मा एवं शिक्षामित्र अनुदेशक तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थिति रहीं।

**0समर कैम्प में विज्ञान से बताया चमत्कारों का रहस्य**

## चोरी के बकरे समेत दो आरोपी दबोचे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चोरी के बकरे सहित बाल अपचारी समेत दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हयात नगर पुलिस ने कैफ पुत्र अतर अली निवासी मौहल्ला नबाबखेल कस्बा सरायतरीन थाना हयातनगर, दानिश पुत्र रहीश निवासी मौहल्ला बारादरी कस्बा सरायतरीन को एक रास बकरी को हसनपुर रोड पर बन्द पडे भटटे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर अदालत में पेश किया।

# डीआईजी ने थाना नखासे का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भला।**पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज ने थाना नखासा का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव के निर्देश दिए। वार्षिक निरीक्षण को पहुंचे डीआईजी ने गारद की सलामी लेकर थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना, भोजनालय व शस्त्र आदि का निरीक्षण किया। बैरक का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को निर्देशित किया। थाने पर आगन्तुकों के लिये उचित व्यवस्था एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। महिला हेल्प डेस्क अभिलेख, महिला बीट अभिलेख, अपराध रजिस्टर आदि की जांच की। थाने के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए समस्त अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीआईजी ने बताया कि डयूटी के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत बाजार, सर्राफा दुकान, चौराहों, गली, नुक्कड़ों आदि पर सतर्क दष्टि बनाये रखने तथा थाना क्षेत्र में सतर्कतापूर्ण भ्रमणशील रहने तथा पुलिस की सक्रियता बनाये रखने एवं नियमित रूप से बैंक चौकिंग, एटीएम चौकिंग, मुख्य चौराहों, सड़क, ढाबों, होटल, बस स्टैंड, पेट्रोल पंप एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चैकिंग तथा रात्रि गश्त करने तथा आम जनता से अच्छा व्यवहार करने हेतु व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को कायम रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# ईद-उल-अजहा को लेकर अमन कमेटी की बैठक का आयोजन

■ प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली परिसर में ईद उल अजहा को लेकर अमन कमेटी का आयोजन किया गया। जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। सोमवार को आयोजित गोष्ठी में कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा की और बैठक में आए सभी धर्म गुरुओं और गणमान्य लोगों के साथ विशेष वार्ता की गई, बीती समस्याओं को लेकर वार्ता की और सभी से एकता और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना करने की अपील की गई है। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू ने कहा कि बिलारी में सभी एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखते हैं, इसी के साथ उन्होंने यह पैगाम दिया कि कोई भी व्यक्ति कुर्बानी का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड नहीं करें। इनके अलावा अनेक वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

इस दौरान मुख्य रूप से निरीक्षक अपराध जयदेव सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज यशवीर सिंह, उप निरीक्षक जयवीर सिंह, उपनि. रीक्षक सनवर अली के अलावा ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू, मौलाना हसन रजा, वाजिद हुसैन अंसारी पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार, पूर्व सभासद कासिम अंसारी, ग्राम प्रधान इकरार हुसैन, ग्राम प्रधान आकिल सैफी, ग्राम प्रधान सलीम अंसारी, ग्राम प्रधान बाबू अंसारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जहांगीर, सभासद सलीम सिद्दीकी, सभासद प्रतिनिधि जावेद अंसारी, सभासद मास्टर इस्लाम, ग्राम प्रधान रविंद्र चौधरी, ग्राम प्रधान सद्दाम हुसैन, सभासद ब्रजरतन प्रजापति, सभासद प्रतिनिधि जरीफ अंसारी, सभासद आमिल सिद्दीकी, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, मौलाना मुख्तार अहमद, दुष्यंत चौहान, ग्राम प्रधान इकबाल, मौलाना रफीक अहमद, सभासद प्रतिनिधि रसीद पन्ना, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष जुबेर सैफी आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे। गोष्ठी के अंत में उपस्थित सभी लोगों को उप निरीक्षक जयवीर सिंह द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को शपथ दिलाई गई




# राशन कार्ड धारकों के लिए आठ फायदों के साथ नए नियम लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सरकार ने 2025 में राशन कार्ड धारकों के लिए 8 नए फायदे लागू किए हैं, जो देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य है गरीब, जरूरतमंद और मध्यम वर्ग के परिवारों को ज्यादा से ज्यादा आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देना है।अब राशन कार्ड सिर्फ सरकारी कागज नहीं, बल्कि परिवार के लिए फाइनेंशियल सिक्योरिटी का बड़ा साधन बन गया है। हर महीने अब सभी पात्र राशन कार्ड धारकों को आरएस1000 सीधा उनके बैंक खाते में मिलेगा। यह आर्थिक सहायता खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए है, जिससे वे अपनी रोजमर्रा की जरूरतें आसानी से पूरी कर सकें।यह पैसा डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिए सीधे बैंक खाते में आएगा। । अब सरकार राशन कार्ड धारकों को हर महीने आरएस1000 की सीधी आर्थिक मदद, मुफ्त हेल्थ इंश्योरेंस, एलपीजी गैस सब्सिडी, मुफ्त बस यात्रा, डिजिटल राशन कार्ड, आवास योजना में प्राथमिकता, महिलाओं के लिए खास योजनाएं और बच्चों की शिक्षा में मदद जैसे कई लाभ देगी।इन सभी लाभों का फायदा उठाने के लिए कुछ नए नियम और प्रक्रियाएं भी लागू की गई हैं, यह योजना सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में लागू होगी।

# टीएमयू डेंटल कॉलेज में नशा मुक्त भारत का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर 150 डेंटल छात्रों, शिक्षकों ने तंबाकू से दूर रहने की शपथ ली। टीएमयू के स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि नो टू टोबैको डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तंबाकू समाज के संग-संग युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं भी तंबाकू से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। डेंटल की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहीं। इस मौके पर डेंटल स्टुडेंट्स की ओर से पोस्टर और वीडियो की प्रतियोगिताएं भी हुईं। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के 15 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इससे पूर्व इंटर्न्स और बीडीएस छात्रों की एक लघु फिल्म के जरिए तंबाकू के हानिकारक प्रभावों को प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य वार्ता में पीजी छात्र डॉ. सोनल शुभांगी, डॉ. स्वयम त्रिपाठी और बीडीएस छात्राओं वंशिका त्यागी और योगेश्व.री की उल्लेखनीय भूमिका रही। अध्यक्षता डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप तांगड़े ने की। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या डॉ. अंकिता जैन के अलावा एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. उपेंद्र मलिक, फैकल्टीज डॉ. विकास सिंह, डॉ. रूपाली मलिक, डॉ. हर्षिता पांडे के संग-संग 150 बीडीएस एवम् पीजी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट हृदयेश सुरेखा ने किया।




# दो दिन से नाले में फंसी बेसहारा गाय को निकलवाया बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** नगर में 2 दिन पहले एक नाले में बेसहारा गाय फस गई इसकी जानकारी मोनू बिश्नोई बजरंगी को लगी तो वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ईओ के माध्यम से जेस. ीबी बुलाई गई पुलिस को भी सूचना देकर बुलाया गया। गाय को नाले से निकाल कर डॉ त्रिदेव को बुलाकर इलाज कराया गया। इस मौके पर मोनू बिश्नोई बजरंगी, सचिन अग्निहोत्री, निपेंद्र प्रजापति, शुभम, एसआई कमलदीप सिंह, अश्वनी कुमार और नगर पंचायत की टीम मौजूद रही।





# टिमिट के विद्यार्थियों का पीसी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेट में हुआ चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के बी. कॉम. की छात्राएँ पलक चौधरी और सुगंध यादव ने पी. सी. फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में ऑफ कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव के माध्यम से जॉब प्राप्त करने में सफलता मिली है। अब वह पी. सी. फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की एक उत्कृष्ट टीम का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने अपनी क्षमता और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए इस कंपनी में स्थान बनाने का मौका पाया है।चयन प्रक्रिया अत्यधिक प्रतिस्पर्धी रही, हालांकि, पलक और सुगंध अपने असाधारण शैक्षणिक रिकॉर्ड, तकनीकी कौशल के माध्यम से समस्या को सुलझाने में कामयाब रहे। पी. सी. फाइनेंशियल सर्विसेज एक प्रतिष्ठित नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है, जो भारत में डिजिटल वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह कंपनी उपभोक्ताओं को त्वरित ऋण और फाइनेंस मैनेजमेंट सेवाएं प्रदान करती है। इस अवसर पर विशेष रूप से टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि टिमिट ने अपने सभी छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट के लिये भरपूर अवसर प्रदान किये है व यह क्रम जारी रहेगा। विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह नेकहा कि बदलते परिदृश्य में छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड रहा है व हर छात्र-छात्रा पूरी तैयारी व मनोबल के साथ प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहिए। टिमिट अपने हर छात्र-छात्रा को अच्छा जॉब देने के लिये प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्लेसमेंट सैल ने चयनित छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



पलक चौधरी सुगंध यादव


## कार्यालय ग्राम पंचायत चंगेरी वि0 खं0 छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 02.06.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चंगेरी वि.खं. छजलैट जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.06.2025 से 13.06.2005 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 13.06.2005 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 30 | शौचालय सीट/यूरीनल सीट | प्रति नग | |
| 31 | हैंडपंप रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 32 | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रति फिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | इलेक्ट्रीशियन वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 41 | प्लमविंग वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 42 | आयरन सीट | प्रति किग्रा. | |
| 43 | ई.-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 44 | माईका सीट | प्रति वर्ग मी0 | |

**नियम व शर्तें:**-स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधों में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार की जायेगी। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियामानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत चंगेरी विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कूड़ा मीरपुर वि0 खं0 छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 02.06.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कूड़ा मीरपुर वि.खं. छजलैट जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.06.2025 से 13.06.2005 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 13.06.2005 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 02.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 30 | शौचालय सीट/यूरीनल सीट | प्रति नग | |
| 31 | हैंडपंप रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 32 | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रति फिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | इलेक्ट्रीशियन वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 41 | प्लमविंग वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 42 | आयरन सीट | प्रति किग्रा. | |
| 43 | ई.-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 44 | माईका सीट | प्रति वर्ग मी0 | |

**नियम व शर्तें:**-स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधों में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार की जायेगी। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियामानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत कूड़ा मीरपुर विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अन्यारी उर्फ अलीनगर वि0 खं0 छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 02.06.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अन्यारी उर्फ अलीनगर वि.खं. छजलैट जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.06.2025 से 13.06.2005 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 13.06.2005 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 01.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 30 | शौचालय सीट/यूरीनल सीट | प्रति नग | |
| 31 | हैंडपंप रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 32 | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रति फिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | इलेक्ट्रीशियन वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 41 | प्लमविंग वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 42 | आयरन सीट | प्रति किग्रा. | |
| 43 | ई.-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 44 | माईका सीट | प्रति वर्ग मी0 | |

**नियम व शर्तें:**-स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधों में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार की जायेगी। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियामानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत अन्यारी उर्फ अलीनगर विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर वि0 खं0 छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 02.06.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर वि.खं. छजलैट जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.06.2025 से 13.06.2005 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 13.06.2005 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 30 | शौचालय सीट/यूरीनल सीट | प्रति नग | |
| 31 | हैंडपंप रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 32 | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रति फिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | इलेक्ट्रीशियन वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 41 | प्लमविंग वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 42 | आयरन सीट | प्रति किग्रा. | |
| 43 | ई.-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 44 | माईका सीट | प्रति वर्ग मी0 | |

**नियम व शर्तें:**-स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधों में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार की जायेगी। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियामानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)।**

# शादी के कार्ड बांटकर घर लौट रहे साइकिल सवार वृद्ध को बस ने रौंदा

**13 जून को है बेटे की शादी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव हाथीपुर बहाउद्दीन के पास तेज रफ्तार बस ने साइकिल सवार वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया, घायल को पीछे आ रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सोमवार को दोपहर 1:30 बजे करीब साइकिल सवार मोहम्मद सईद पुत्र मल्लू निवासी खाबरी अव्वल अपने बेटे शकील अली की शादी के कार्ड बांटते हुए अपने घर जा रहे थे, इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार वृद्ध हाथीपुर के सामने सड़क पर जा गिरे और बस चालक हादसे के बाद मौके से भाग निकला, पीछे से आ रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने अपनी गाड़ी रोककर घायल को एक वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचवाया और पास में रखे शादी कार्ड के माध्यम से परिजनों को सूचना दी, परिजन सीएचसी पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने मोहम्मद शईद की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार देते हुए जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। वृद्ध के पुत्र शकील अली की



शादी आने वाले 13 जून को है।

परिवार के लोग शादी की तैयारी में लगे हैं। अब इस घटना से परिवार की चिंता बढ़ गई है।

## अचानक संक्रामक रोगियों की संख्या बढ़ी

**चन्दौसी।** गर्मी व उमस के बाद अचानक संक्रामक रोगों की संख्या बढ़ गयी है। संयुक्त चिकित्सालय में अचानक भीड़ बढ़ गयी है। रोजाना 1200 से लेकर 1500 मरीज रोजाना संयुक्त चिकित्सालय में पहुंच रहे हैं। डा0 हरविंदर ने बताया कि उमस भरी गर्मी की वजह से बुखार, खांसी, डायरिया आदि के रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। रोजाना ग्रामीण शहरी क्षेत्रों से मरीजों का आना जारी है। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि अस्पताल में मात्र एक रुपये के पर्चे में दवाई उपलब्ध हो जाती है जबकि प्राईवेट अस्पतालों में इलाज इतना महंगा है कि आम आदमी भी इसका व्यय नहीं उठा सकता।

# हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल बना प्रेमी युगल का विवाह

**भोजपुर।** विवाह की रस्म अदायगी शुरू होते ही युवती का पिता और उनके साथ आए प्रधानजी कन्यादान करने से पहले ही प्रेमी युगल को विवाह के मंडप में छोड़कर अपने गांव को चले गए। युवती के पिता के चले जाने के बाद कुछ देर के लिए विवाह की रस्में रूक गईं। इस पर कस्बे के मौहम्मद सईद उर्फ लाला ने कन्यादान कर विवाह की औपचारिकताएं पूरी कींध। विवाद संपन्न होने के बाद विवाह के बंधन में बंधा युवक घर पर ताला लगा होने की वजह से पत्नी को लेकर रिश्तेदारी में चला गया। कस्बे के युवक और निकटवर्ती गांव की युवती में तीन सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक ने विवाह करने से इंकार किया तो तीन दिन पहले युवती ने प्रेमी के घर आकर डेरा डाल दिया था। प्रेमी युवक विवाह नहीं करने की जिद कर रहा था तो युवती विवाह नही करने पर प्रेमी के घर पर जान देने पर तुली थी। अनहोनी की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रेमी युगल को थाने ले गई। इस दौरान युवक के परिजन घर में ताला लगाकर रफूचक्कर हो गए। रविवार को प्रेमी युगल में विवाह करने की सहमति बन गई। विवाह संपन्न कराने के लिए पुलिस ने प्रेमी युगल को उनके रिश्तेदारों की सुपुर्दगी में दे दिया। रविवार की देर शाम को प्राचीन शिव मंदिर में विवाह की तैयारियां चल रहीं थी। कन्यादान करने की बारी आई तो युवती का पिता और उनके साथ आए प्रधानजी विवाह मंडप छोड़कर चले गए। कस्बे के मोहल्ला फतेहपुरी निवासी मौहम्मद सईद की ससुराल युवती के गांव की है। ससुराल के गांव की बेटी होने के नाते मौहम्मद सईद ने सनातन धर्म के मुताबिक कन्यादान समेत विवाह की सारी औपचारिकताएं पूरी कीं। घर पर ताला लगा होने की वजह से युवक अपनी नई नवेली पत्नी को अपने साथ लेकर रिश्तेदार के घर रहने चला गया।



## एक नजर

### भोजपुर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर चला एमडीए का बुल्डोजर, प्लाटिंग वाले कुर्सियां चारपाई लेकर भागे

**भोजपुर।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के आदेश पर जोन प्रभारी ने गोहरपुर सुल्तानपुर जोन 2सबजोन 4 में चल रहे अवैध निर्माण और प्लाटिंग को बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस बल भी उनके साथ रहा। थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर चौराहे के निकट गौहरपुर सुल्तानपुर के जंगल में डिलारी और धारक नंगला रोड पर भूमाफियाओं द्वारा एमडीए की अनुमति लिए



बिना अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का धंधा करने वालों को नोटिस जारी कर कागजात तलब किए थे। जवाब दाखिल करने को दिया गया निर्धारित समय बीतने के बाद सोमवार को एमडीए के जोन प्रभारी तनमय यादव,अवर अभियंता राजन सिंह, एसपी शुक्ला एवं उप निरीक्षक राहुल यादव की टीम ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग को जेसीबी से तहस नहस कर दिया। इस दौरान आस पास में खेतों में प्लाटिंग कर रहे डीलर चारपाई –कुर्सियां लेकर जंगलों में जाकर छिप गये।घ्एमडीए द्वारा ध्वस्त की गई प्लाटिंग थाना डिलारी के इमरान अली और रशीद की बताई जा रही है। जोन प्रभारी टी यादव ने बिना एमडीए की अनुमति से निर्माण कार्य एवं प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी रखने की बात कही है। एमडीए की कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग के धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि एमडीए मकान बनाने का नक्शा पास भी नहीं कर रहा है और बिना नक्शे के मकान भी बनाने नही दे रहा है। ग्रामीणों के अनुसार एमडीए के अधिकारी वर्ष 2031में नक्शा पास करने की बात कहते हैं।

### थाना डिलारी में हुई शांति समिति की बैठक संपन्न

**डिलारी।** प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। सोमवार को थाना डिलारी परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे, बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने की, संचालन डॉक्टर अनुपम शर्मा ने किया,बैठक में आने वाले पर्व ईद उल अजहा को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की ,थाना प्रभारी ने बताया कि फेसबुक, सोशल मीडिया पर कोई विश्वास न रखें, और अपने आसपास स्वयं साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। कुर्बानी के जानवरों का खून नालियों में न बहाये, अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबा दें , दूसरे समुदाय के लोगों से कुर्बानी छुपा कर करें, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए, त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने अपील की , ईद उल अजहा के मौके पर आपसी सौहार्द भाईचारा गंगा जमुनी तहजीब कायम करने की अपील की गई, इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर मोहम्मद अयूब, डॉ अनुपम शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन, रईस अफजाल हुसैन, राकेश फौजी, डिलारी ग्राम प्रधानबलराम सिंह, ग्राम प्रधान धर्मपाल सिंह, सचिन राणा, शराफत हुसैन,अशरफ अली, फारूक आदि। मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा क्षेत्र के दिल्ली नेशनल हाईवे फ्लाई ओवर पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार शार्वलेट कार एचआर 51एआर 6948 ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बुलेट यूपी 25 ईए 6558 पर सवार दोनों युवक फ्लाई ओवर से नीचे सर्विस रोड पर जा गिरे । जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। मृतक युवक विपिन जनपद बरेली का निवासी था, जबकि दूसरा साथी जनपद रामपुर का निवासी है । पाकबड़ा थाना क्षेत्र के कस्बा चौकी के सामने फ्लाई ओवर दिल्ली नेशनल हाईवे की घटना हुई। तेज रफ्तार कार दिल्ली की ओर से आ रही थी तभी कार ने बुलेट पर सवार दो युवकों रौंद दिया, दोनों युवक आईएफटीएम, के छात्र बताए जा रहे हैं जिसमें विपिन बीएससी एग्रिकल्चर का छात्र था तो बही दूसरा युवक करन बी टेक का छात्र है। बुलेट बाइक पर विपिन, और करन सवार थे तभी कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिसमें मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी पाकबड़ा विनोद कुमार ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने विपिन को मृत घोषित कर दिया, तो वही करन का इलाज चल रहा है।

# वंदन योजना के अंतर्गत प्राचीन मंढ़ी मंदिर का करोड़ रुपये की लागत से सौंदर्यकरण होने सहित सभी प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका परिषद की बोर्ड बैठक नगरपालिका अध्यक्ष इरफान सैफी की देखरेख में और नगरपालिका के लिपिक दीपक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रखे सभी प्रस्तावों पर सभासदों ने अपनी सहमति की मोहर लगा दी। बैठक में मतस्य कार्यालय के निकट बने तालाब में कूड़ा पालिका द्वारा डाले जाने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर हंगामा रहा। सोमवार को नगरपालिका सभागार में सुबह करीब 11.00 बजे नगरपालि. का की बोर्ड बैठक का आयोजन पालि. काध्यक्ष इरफान सैफी की देखरेख में और पालिका लिपिक दीपक कुमार की अध्यक्षता में शुरू हुई। जिसमें पालिक. ाध्यक्ष ने नगर में कराए जाने विकास कार्यो के प्रस्तावों को पालिका की बोर्ड बैठक में रखा। जिसमें पालिध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ द्वारा संचालित वंदन योजना के अंतर्गत नगर के प्राचीन मंढ़ी मंदिर परिसर विश्वमालय (हाल) का निर्माण, परिक्रमा पथ, छादक का निर्माण , प्रकाश व्यवस्था , मरम्मत कार्य एवं बैंच, प्यांऊ की स्थापना कार्य सहित अन्य कार्य होने है। पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष नगर विकास योजना के अंतर्गत नगर में विकास कार्यो में बरसात से पूर्व सड़कों को निर्माण कराए जाना, नगरीय पेयजल योजना के अंतर्गत वाटर कूलर मोटर मरम्मत आदि का कार्य, नगरीय जल निकासी के अंतर्गत नगर की जल निक. ासी के लिएर्् 4-5 करोड़ का प्रस्ताव भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा संचालित नगरोदय योजना सीएम-वीएनवाई के अंतर्गत सड़क, बाजार आदि का प्रस्ताव भेजा जाएगा। नगर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 10 कर्मचारियों की टीम गठित कर पुलिस प्रशासन की मदद से मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करने के लिए अभियान चलाकर हाईवे किनारे खड़े वाहनों के अतिक्रमण हटाया जाएगा और सड़क किनारे रखे खोखे, स्लेप, फड़, ठेलों को हटाया जाएगा। बकरी ईद पर सफाई व्यवस्था कें अंतर्गत डनलप मरम्मत, सफाई उपकरण , वाहन सामग्री क्रय, वाहन मरम्मत, , चूना पाउडर ,कीटनाशक दवाएं आदि सफाई सामग्री क्रय किए जाने का प्रस्ताव सहित अन्य प्रस्तावों पर बैठक में मौजूद सभासदों ने अपनी मोहर लगा दी। साथ ही बताया कि नगर के ग्राम समाज की भूमि को काशीपुर चुंगी निकट पंप पास भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। उस भूमि पर शॉपिंग कॉपलेस बनाया जाएगा। नगर में अधिकतर ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। बैठक में पालिका सभासद मोहम्मद हनीफ ने चलचित्र ढाल पर मतस्य विभाग कार्यालय के निकट पालिका द्वारा तालाब में कूड़ा डाल जा रहे । जिसका विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि मोहल्ले में कूड़े की गंदगी से बदबू के कारण लोगों का रहना, खाना और सोना दुश्वार हो गया है। पालिका द्वारा कूड़े के तालाब में न डाला जाए। बैठक में अंकित शर्मा, सहिल खान, आसिफ सैफी, वसीम अहमद, बाबू अंसारी, इस्लाम कुरैशी, नफीस अंसारी, पालिका लिपिक कलीमुददीन, सफाई नायक चंचल कुमार, राकेश हमराही राजकुमार, देवेंद्र नागपाल, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को किया जा रहा जागरुक

**चन्दौसी।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सोमवार को विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम आटा, रुस्तमगढ़ उगिया में किसानों को नवीनतम फसलों के प्रति जागरुक किया गया। इस अभियान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के वैज्ञानिक अपनी शोध को किसानों तक पहुंचा रहे हैं तथा किसानों की कृषि से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उन पर शोध कर सामाधान का रास्ता बतायेंगे। किसानों को आलू से बनने वाली बड़ी, जलेवी, चिप्स, नमकीन आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अजय कुमार, विजय कुमार, केहरी सिंह, विपिन कुमार, मोहम्मद युनुस, सुरेन्द्र सिंह आदि ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** दो मई की बीती रात लगभग 12 बजे कांठ रोड मधुबनी पर हुए मोटरसाइकिल हादसे में शब्बन उर्फ बब्बू पुत्र इमरान उम्र 24 वर्ष



निवासी मोव पझाया अगवानपुर की डिवाइडर से टकराकर दर्दनाक मौत हो गई । पुलिस द्वारा मिली सूचना पर परि. जनों में कोहराम मच गया और वह घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। घायल के सर में लगी गंभीर चोट को देखते हुए तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया । जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया । परिजन घायल को लेकर तुरन्त कॉसमॉस अस्पताल पहुंच गए जहां गंभीर स्थिति में उसका इलाज शुरू किया गया,लेकिन डॉक्टर उसे बचा न सके और उसकी मौत हो गई। मृतक शब्बन तीन बहन और चार भाइयों में सबसे बड़ा था। एवं सऊदी में काम करता था, दो महीने पहले ही घर आया था। परिजनों ने बताया की शब्बन रात करीब 11:00 बजे मुरादाबाद गया था, लेकिन यह नहीं बता सके कि वह कहां और किसके पास गया था। मधुबनी के पास हुए हादसे में उसकी दर्दनाक मौत से परिजन सदमे में हैं। उन्होंने इसे एक हादसा बताते हुए किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने से इन्कार कर दिया। मृतक शब्बन के वालिद इमरान और मामू फरमान ने कहा कि अब वह किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं चाहते। संभवत मृत्यु का कारण सर में लगी गहरी चोट ही बताया गया है।

# राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने पीडब्ल्यूडी जेई को दिया ज्ञापन

**हाईवे निर्माण की नपत में की जा रही मनमानी**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के नेतृत्व में लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता सुनील रास्ते से बीच केन्द्र बिन्दु मानते हुए दोनों तरफ से भूमि फोरलाइन के लिये ली जाये जबकि पीडब्ल्यूडी द्वारा हिन्दुस्तान मिन्ट एग्रो के स्वामी से मिलीभगत कर उनकी भूमि को बचाने के उद्देश्य से बीच सड़क से दोनों तरफ न नापकर हमारी तरफ से जमीन को सड़क निर्माण हेतु नापा या है। इस कारण क्षेत्र के किसानों के काफी रोष



को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया कि ग्राम असालतपुर जारई से लगभग दो किलोमीटर दूर चन्दौसी-शाहबाद रोड पर हिंदुस्तान इंडस्ट्रीयल प्लेज पार्क के बराबर से चकमार्ग गाटा सं0 501 एक 05 मीटर चौड़ा एक कच्चा रास्ता जो कि राजमार्ग 509 से जुड़ता है, को फोर लैन पक्की सड़क बनने का रोड प्रस्तावित है। उक्त कच्चे व्याप्त है। समिति द्वारा मांग की गई कि कच्चे रास्ते से दोनों तरफ बराबर जमीन ली जाये जिससे सड़क निर्माण में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

ज्ञापन देने वालों में रामेश्वरदयाल शर्मा, अनिल कुमार, सुधा जैन, शीलू जैन, अमरसिंह, हरिओम शर्मा, लाखन सिंह, मनोज शर्मा, सुदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने सड़क परिवहन मंत्री को लिख पत्र

**बढ़ते हादसों पर जताई चिंता, हाईवे के चौड़ी करण की रखी मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर मुरादाबाद आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग 509 पर बढ़ रहे हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए मुरादाबाद से चंदौसी तक हाईवे का चौड़ीकरण कराए जाने और हाईवे पर हादसों को रोकने के लिए डिवाइडर बनवाने की मांग रखी। इसके अलावा नगर बिलारी में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ओवरब्रिज अथवा बाईपास बनाए जाने की मांग रखी। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 509 पर नगर बिलारी की सीमा में तहसील, कोतवाली, रोडवेज, राष्ट्रीय एवं प्राइवेट बैंक के होने ओर नगर के मुख्य बाजार के पास होने के चलते अत्यधिक आवागमन रहता है जिस कारण नगर बिलारी में जाम की स्थिति बनी रहती है, जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने के लिए बिलारी में



ओवर ब्रिज अथवा बाईपास बनाने जाने की अति आवश्यकता है। इसके अलावा एनएच 509 पर वाहनों की तीव्र गति ओर डिवाइडर न होने के चलते हादसों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

# साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी, केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने मोहल्ला बगियवाला निवासी ताहिर हुसैन पुत्र रियासत हुसैन की तहरीर पर पल्सर बाइक चोरी होने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 25अप्रैल रविवार की दोपहर साढ़े चार बजे साप्ताहिक बाजार की है।

# किशोर की गुमशुदगी दर्ज

**भोजपुर।** भोजपुर में कबाड़ी के गोदाम पर नौकरी कर रहा 17वर्षीय किशोर अमित पटेल शुक्रवार की सुबह को 7 बजे कस्बे में स्थित कमरे से निकाला था जो वापस नही लौटा। पुलिस ने किशोर के भाई अजय कुमार पटेल की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। अमित पटेल देवीगढ बैंती कुण्डा प्रतापगढ का रहने वाला है।

## किसान की एक भैंस, दो कटरे चोरी

**डिलारी।** क्षेत्र में पशु चोरों ने पशुपालकों की नींद उड़ा दी है ,जिससे क्षेत्रवासी दहशत में है,गांव आलमपुर चौहान निवासी किसान अशरफ परिवार के साथ अपने घर सो रहा था, बराबर में पशु शाला में एक भैंस दो कटरे बंध रहे थे,घटना रविवार की रात लगभग 1:00 की चोरों ने सामने से घुसकर पशु शाला से एक भैंस दो कटरे चुरा कर ले गए,सुबह को आंख खुलने पर पशु ना देखकर किसान दंग रह गया, घटना से भीड एकत्र हो गई, पीड़ित ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है, पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जलालपुर पुलिस चौकी इंचार्ज अखिल कुमार ने बताया की पशु चोरों के लिए टीम गठित कर दी गई है,जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## तीन खनन माफिया गिरफ्तार कर जेल भेजे

**डिलारी।** थाना पुलिस ने खनन माफिया को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया,गांव काजीपुरा निवासी तीन सगे भाई असिम ,आरिफ, और मुकीम ,अवैध खनन कर मिट्टी बेचने का काम काफी दिनों से कर रहे थे। घटना अब से तीन दिन पहले की है। तीनों भाई रामगंगा नदी से अवैध खनन कर रेट ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर बेचने के लिए ले जा रहे थे, आए हल्का लेखपाल रिजवान ने ट्रैक्टर रोकने का प्रयास किया, जिस पर तीनों भाइयों ने लेखपाल को पीट दिया, पीड़ित ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की,पुलिस ने सोमवार को तीनों आरो. पितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र **दानिश** व पुत्रबधु **श्रीमती शबनम** को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती रूकसाना पत्नी सज्जाद निवासी गांगन वाली मैनाठेर, थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र **मोहम्मद फहीम,** पुत्रबधु **श्रीमती रेशमा** व पौत्र **मोहम्मद सेफ** को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **सलीम पुत्र फिदा हुसैन व श्रीमती हसीना पत्नी सलीम** निवासीगण: शनिवार का बाजार कस्बा व थाना पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पीलकपुर गुमानी**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 02.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत पीलकपुर गुमानी में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 09.06.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड के पास पुलिया एवं नाली निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरी, रेता आदि। | 138294/- | 2766 | 250/- | 3 माह |
| 2 | कमल सिंह के घर से पीडब्लूडी रोड तक नाली निर्माण/मरम्मत कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरी, रेता आदि। | 279917/- | 5598 | 250/- | 3 माह |
| 3 | कमल सिंह के घर से पीडब्लूडी रोड तक सीसी टाईल्स मरम्मत/निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरी, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 359985/- | 7199 | 250/- | 3 माह |
| 4 | मैन रोड से कय्यूम के घर तक नाली एवं सीसी टाईल्स निर्माण/कार्य मरम्मत कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरी, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 143772/- | 2876 | 250/- | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर नाली मरम्मत एवं पुलिया निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरी, रेता, आदि। | 250000/- | 5000 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-पीलकपुर गुमानी**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गंझेड़ा आलम**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 02.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत गंझेड़ा आलम में पंचम राज्य वित्त आयोग/ पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 09.06.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गंझेड़ा आलम में पंचायत भवन की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई एवं सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, रेता, बजरी, सीसी टाईल्स पुट्टी, पेन्टस आदि। | 273570/- | 5471 | 250/- | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण अथवा पुलिया निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | ईट, सीमेंट, रेता, बजरी, सरिया आदि। | 40000/- | 8000 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-गंझेड़ा आलम**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत करनावाला खालसा**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 02.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत करनावाला खालसा में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 09.06.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुरारी के घर से पीपल की ओर नाली/खड़ंजा निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरी, रेता आदि। | 235573/- | 4712 | 250/- | 3 माह |
| 2 | मस्तल्लीपुर कटारमल में गाटा संख्या 56 वाले जगह पर मिट्टी भराव कार्य। | मिट्टी आदि। | 472626/- | 9453 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-करनावाला खालसा**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# आईपीएलः श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग

## सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स के कप्तान



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था। बेंगलूरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने टास जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे। अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

**आईपीएल-2025 फाइनल मैच आज शाम 7:30 बजे**

## बड़े मौकों पर संयम से अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती हैः श्रेयस

**अहमदाबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि बड़े मौकों पर जब आप संयम रखते है तो आपके अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती है। आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाने के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस ने कहा कि मुझे बड़े मौको पर खेलना अच्छा लगता है, मैं हमेश अपने साथियों से कहता हूं जब आप बड़े मौको पर संयम रखते हैं तो आपके अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आरसीबी के खिलाफ हार के बाद हमने इस पर अधिक बात नहीं की कि हमने कहां गलती की। हमें पता है कि हमने इस सत्र कैसा क्रिकेट खेला है। भले ही कुछ खिलाड़ियों को बड़े मौको पर खेलने का अनुभव नहीं है लेकिन वे साहसी हैं। युवा और अनकैप्ड खिलाड़ियों अय्यर ने कहा कि मैं उन्हें अधिक निर्देश नहीं देता, बस उन्हें उनके अंदाज़ में खेलने देता हूं। उनमें जो निडरता है, वही मुझे पसंद है। भले ही अनुभव कम हो, लेकिन उनके पास विचार होते हैं और वो उन्हें साझा भी करते हैं। आखिर में उन्होंने कहा कि मैं अभी इसी पल में हूं, इस जीत का आनंद उठा रहा हूं। लेकिन काम अभी आधा ही हुआ है।

# धीमी ओवर गति के लिए अय्यर-हार्दिक पर लगा जुर्माना



**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे क्वालीफायर मैच में धीमी गति से ओवर करने के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। रविवार रात अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल 2025 के क्वालिफायर दो बारिश के कारण मैच दो घंटे के बाद शुरु हुआ था। दोनों टीमों की ओर से धीमी ओवर गति के कारण मैच और अधिक देरी से खत्म हुआ।

इस सत्र में पंजाब किंग्स की दूसरी बार धीमी ओवर रेट की गलती हुई इसलिए उसके कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस की ओर से इस तरह की तीसरी गलती होने के कारण हार्दिक पांड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, हालांकि पंजाब किंग्स के शेष खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जो भी कम हो का जुर्माना लगाया गया। वहीं मुंबई के खिलाड़ियों पर यह राशि 12 लाख रुपये या 50 प्रतिशत रही। गौरतलब है कि यह मुंबई इंडियंस की तीसरी धीमी ओवर रेट की गलती थी फिर भी हार्दिक को निलंबन नहीं झेलना पड़ा जैसा कि उन्हें आईपीएल 2024 में झेलना पड़ा था। इसके कारण वह नए नियम लागू होने से पहले, आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाए थे।

# बेंगलुरु-पंजाब अपना पहला खिताब जीतने उतरेंगी

- पंजाब किंग्स 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने में हुई कामयाब
- आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में है

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में इतिहास रचने की उतरेगी। आरसीबी नौ साल बाद फाइनल में वापस आई है अभी भी अपने पहले खिताब की तलाश है।

जबकि पंजाब किंग्स 2014 में अपने पहले प्रदर्शन के 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। रजत पाटीदार की आरसीबी इस सीजन में पंजाब को दो बार हरा चुकी है, जिसमें क्वालीफायर वन में आठ विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। इस मैच में जोश हेजलवुड (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने पंजाब किंग्स को 101 रनों पर ढेर कर दिया। उसके बाद मात्र 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर एकतरफा अंदाज में मुकाबला जीत लिया था। आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। 15 पारियों में 146-53 के स्ट्राइक रेट से 614 रन बनाने वाले कोहली को एक बार फिर आरसीबी की बल्लेबाजी की कमान संभालने के लिए चुना गया है। पिछले मैच में 27 गेंदों पर 56 रन बनाने वाले फिलिप साल्ट ने धमाकेदार शुरुआत दी है। जबकि पाटीदार खुद मध्यक्रम में स्थिर उपस्थिति बनाए हुए हैं। इसी के साथ मयंक अग्रवाल, क्रुणाल पांड्या और जितेश शर्मा ने बहुमूल्य योगदान रहा है। रोमारियो शेफर्ड और टिम डेविड ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। जोश हेजलवुड की वापसी ने आरसीबी गेंदबाजी इकाई को मजबूत किया है, जिसमें अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और स्पिन जोड़ी सुयश शर्मा और यश दयाल का अच्छा सहयोग रहा है। पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर वन में मिली बड़ी हार से उबरते हुए दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर अपना आक्रामक प्रदर्शन दिखाया है। इस मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों पर नाबाद 87 रन बनाकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया। पंजाब का शीर्ष क्रम पूरे सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है। प्रभसिमरन सिंह (523 रन) और प्रियांश आर्य (451 रन) ने लगातार तेज शुरुआत दी है। जॉश इंगलिस ने तीसरे नंबर पर आकर रनों की गति दी है, जबकि अय्यर मध्यक्रम में 175 के शानदार स्ट्राइक रेट से 597 रन बनाकर अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## क्वालिफायर-2 में जीत के बाद प्रीति जिंटा ने किसे मारी आंख !

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 अपने चरम पर पहुंच गया है। रविवार को पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के बाद पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा काफी खुश नजर आईं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक खिलाड़ी को आंख मारती दिख रही हैं। दरअसल, यह घटना मैच के बाद की है। प्रजेंटेशन सेरेमनी से पहले मशहूर अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा मैदान पर पहुंचीं। जीत के बाद वह काफी उत्साहित लग रहीं थीं। वह अपनी टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से काफी खुश नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें प्रीति को पंजाब किंग्स के एक खिलाड़ी को आंख मारते देखा जा सकता है। वीडियो में जो खिलाड़ी दिख रहा है उसकी जर्सी का नंबर 19 है, जो कि नेहाल वढेरा पहनते हैं। फैंस इस वीडियो को साझा कर रहे हैं और जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पंजाब की टीम ने 2014 के बाद फाइनल में प्रवेश किया है। अब उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया।




# डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया

**नोंवे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के छठे राउंड में विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने विश्व नंबर वन शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को शानदार मुकाबले में मात दी। भारतीय ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को उनके ही देश में हराकर बड़ी जीत दर्ज की। खेल में एक समय कार्लसन का पलड़ा भारी लग रहा था, लेकिन गुकेश ने कार्लसन की खामियों का फायदा उठाते हुए बाजी पलटकर क्लासिकल मैच में शानदार जीत हासिल की। गुकेश की इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में दोनों खिलाड़ियों का स्कोर बराबर 1-1 हो गया है। नोंवे शतरंज टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने क्लासिकल प्रारुप में विश्व चैंपियन कार्लसन को मात दी हो। इससे पहले आर- प्रग्गनानंदा ने इसी टूर्नामेंट में कार्लसन को हराया था।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**अर्जेंटीना ने अंतिम क्वॉटर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबले में जीत दर्ज की**



**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने अंतिम मुकाबले में मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। चार देशों के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय टीम की ओर से कनिका सिवाच ने (11वें और 45वें) मिनट में दो गोल किए। खेल पहले क्वार्टर में चार गोल हुये। अर्जेंटीना की सोल गुइग्नेट गुनाजू ने (पांचवें) मिनट में पहला गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट के बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने (सातवें) मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत की ओर से 11वें मिनट में कनिका सिवाच गोल के अंतर को कम किया। हालांकि, अर्जेंटीना ने तेजी से जवाब दिया, 13वें मिनट में मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने गोल कर स्कोर को 3-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना के लिए 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल के जरिये अपना चौथा गोल दागा। कनिका ने 45वें मिनट में खेल का अपना दूसरा गोल किया, जिससे भारत को उम्मीद की किरण दिखाई दी, लेकिन अर्जेंटीना ने अंतिम क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की।

**खेल विशेष**

## राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जुलाई में बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। दरअसल, बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे।नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। 65 वर्षीय शुक्ला को तीन महीनों के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष की भूमिका मिल सकती है।

सूत्रों ने बताया कि सितंबर में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान राजीव शुक्ला बोर्ड के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े हो सकते हैं। इस पर अब शुक्ला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ये अनावश्यक खबरें हैं। जब किसी नियम की वजह से कोई पद खाली होता है, तो दूसरे स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को अस्थाई प्रभार दिया जाता है।

उसी नियम की वजह से दूसरे स्थान पर रहे व्यक्ति को अंतरिम प्रभार दिया जाता है। इसलिए अगले चुनावों तक यही स्थिति रहेगी। इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इसे इतना महत्व देने की कोई जरूरत नहीं है। रोजर बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे।

# पाक ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

**मोहम्मद हारिस ने नाबाद 107 रन और सैम अयूब ने 45 रनों की शानदार पारी खेली**

**लाहौर, वार्ता।** मोहम्मद हारिस (नाबाद 107) और सैम अयूब (45) रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 16 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी बांगलादेश ने परवेज हुसैन इमॉन (66), तंजिद हसन (42), मो- तौहीद हृदोय (25) और कप्तान लिटन कुमार दास(22) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और अब्बास अफरीदी ने दो-दो विकेट लिए। फहीम अशरफ और शादाब खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (एक) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मोहम्मद हारिस ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। 10वें ओवर में तनजीम हसन साकिब ने सैम अयूब 29 गेंदों में (45) रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हसन नवाज 13 गेंदों में (26) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। मोहम्मद हारिस ने 46 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 107) रनों की मैच विजयी पारी खेली।

# ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने सोमवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। मैक्सवेल ने आज फाइनल वर्ड पॉडकास्ट के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वर्ष 2022 में पैर टूटने के बाद से वह एकदिवसीय क्रिकेट में असहज महसूस कर रहे थे। इससे टीम को नुकसान पहुंच रहा था। इसलिए मैंने एकदिवसीय क्रिकेट को छोड़ने का फैसला किया। हालांकि वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट के उपलब्ध रहेंगे। मैक्सवेल ने कहा कि मुझे लगा कि मेरे शरीर की प्रतिक्रिया टीम को नुकसान पहुंचा रही है। मैंने इसको लेकर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली से बात की। हम दोनों के बीच 2027 विश्वकप को लेकर चर्चा हुई, मैंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं तब तक खेल पाऊंगा। अब समय है कि इस जगह के लिए किसी अन्य खिलाड़ी को तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि अगर मैं स्वयं बेहतर मानता हूं तो मैं अपनी जगह नहीं छोड़ूंगा। मैं केवल स्वार्थ के कारण कुछ श्रृंखला के लिए पकड़ बनाए रखना नहीं चाहता। टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और यह निर्णय उन्हें अगली विश्वकप योजना के लिए बेहतर रास्ता देगा। मैक्सवेल ने एक दिवसीय क्रिकेट में 3990 रन, 33.81 की औसत से और 149 मैचों में 77 विकेट लिए है। उन्होंने 2011 में केवल 19 गेंदों में ऑस्ट्रेलियाई घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया था। उन्होंने 2023 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी।

## क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्लासेन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा की। क्लासेन ने पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 से भी संन्यास ले लिया है। उन्होंने वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के लिए क्रिकेट में पदार्पण किया था। क्लासेन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टग्राम पर लिखा कि यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने कि घोषण कर रहा हूं। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा होगा। यह वास्तव में एक बहुत ही कठिन निर्णय था, लेकिन साथ ही मैं इस निर्णय से पूरी तरह से संतुष्ट हूं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 एकदिवसीय और 58 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने चार टेस्ट में 104 रन, 60 एकदिवसीय में 2141 रन और 58 टी-20 में एक हजार रन बनाए।

# स्टुअर्ट ब्रॉड होंगे दक्षिण अफ्रीका के सलाहकार

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपिनशिप के फाइनल से पहले इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को टीम का सलाहकार कोच नियुक्त किया है। 38 वर्षीय ब्रॉड नौ जून को अभ्यास के दौरान सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

एशेज 2023 के आखिर में रिटायर होने के बाद ब्रॉड की कोचिंग में पहली भूमिका होगी। 11 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया खिलाफ शुरू होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की तैयारी में मदद करेंगे। ब्रॉड नौ जून होने वाले अभ्यास सत्र में टीम के साथ जुड़ेंगे। ब्रॉड ने 167 टेस्ट मैचों में 604 विकेट लिए। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे अधिक 153 विकेट लिए है।

# युवती का कत्ल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## मक्का के खेत में लहूलुहान हालत में मिला था लापता युवती का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** थाना मैनाठेर क्षेत्र में सायरा नामक एक 20 वर्षीय युवती की चाकूओं से गोदकर कर बेरहमी से हत्या करने वाला आरोपी थाना मैनाठेर पुलिस ने गिरफ्तार लिया है।

जिसके पास से आला ए कत्ल पेचकस भी बरामद किया गया है। जिससे गोद गोद आरोपी रफी ने सायरा पुत्री आले हसन को मौत के घाट उतार दिया था, और शव को मक्का के खेत में ही छोड़ दिया था। जिसका रक्त रंजित शव मक्का के खेत में लहुलुहान हालत में मिला था। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही युवक रफी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसएसपी सतपाल अंतिल ने मौके पर पहुंचे थे और घटना की पूरी जानकारी ली थी। आपको बता दें कि शनिवार शाम से लापता चल रही 20 वर्षीय युवती का शव गांव के ही पास मक्का के खेत में खून से सना हुआ मिला युवती की चाक. ूओं से गोदकर निर्मम हत्या की गई थी। पूरे शरीर पर चाकुओं के कई गहरे निशान थे।

यह वारदात इतनी खौफनाक थी कि, शव की हालत देखकर ग्रामीणों की रूह भी कांप उठी थी। मौके पर पहुंची युवती की मां की चीख सुनकर गांव भर में मातम छा गया था। घटना ग्राम



मिलक की है। यहां के निवासी आले हसन की बेटी सायरा शनिवार शाम को घर से पशुओं के लिएं चारा काटने जंगल में गई हुई थी। जब देर रात तक वह घर नहीं लौटी तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की थी। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह करीब 11:00 बजे उसकी मां शफीना उसे खोजते हुए नरोदा रोड स्थित मंदिर के पास जब्बार के खेत में पहुंचीं तो उनका सायरा का खून से लथपथ शव देख उनके होश उड़ गए थे। और देखा कि, कपड़े भी पूरी तरह से खून में सने हुए थे। इसे देख मां की चीख निकल गई। चीखों पुकार की आवाज सुनकर गांव में सनसनी फैल गई थी।

थाना मैनाठेर पुलिस व एसएसपी सतपाल अंतिल फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचें और मामलें को गहराई से देखा मामले की जांच के लिएं पुलिस की तीन टीमें गठित कर दी गईं थीं थाना मैनाठेर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई थी। एसएसपी सतपाल अंतिल ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया था कि, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल ल भेजा जाएगा। जिसके चलते पुलिस ने आरोपी रफी को पकड़ कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### भाकियू ने 10 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

## कई समस्याओं के समाधान की उठाई मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक का आयोजन आज तहसील कांठ में किया गया जिसमें उन्होंने किसानों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन तहसीलदार अंजली सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कृषि फीडरों पर बिजली समय अनुसार दिए जाने, विद्युत चोरी के मामलों में विभाग द्वारा मनमानी तरीके से जुर्माना किया जाने, नगर पंचायत कांठ का पानी खादर क्षेत्र में जाने से फसलों में नुकसान होने, कांठ में मिट्टी परीक्षण केंद्र खुलवाए जाने, आगामी गन्ना सीजन में गन्ना पर्ची 25 कुंतल किए जाने, नहरो में पानी मानक के अनुसार टेल तक पहुंचाए जाने और पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन डालने को खोदी जा रही सड़कों को तुरंत ठीक कराए जाने आदि मांगों को उठाया गया। कहा गया कि इन मांगों का निस्तारण समय रहते नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

इस मौके पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह दर्शन सिंह हरदीप सिंह रामकला सिंह भविष्य बिश्नोई अरविंद कुमार जॉनी सियाराम सहित काफी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नौ जून की बैठक को लेकर किसान यूनियन के पदाधिकारियो ने उप मंडी समिति में की चर्चा



**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा जिला मुख्यालय पर की जाने वाली बैठक को लेकर आज उप मंडी समिति कांठ में कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सचिव डॉक्टर नों सिंह और किसान नेता चौधरी यशपाल सिंह कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे और उन्होंने मंडलायुक्त द्वारा यूनियन से बात न किए जाने को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि मंडलायुक्त द्वारा भारतीय किसान यूनियन से बात न करने की घोषणा से किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को काफी दुख पहुंचा है। और इसके लिए उन्होंने एकजुट होकर वार्ता किए जाने का मन बनाया है।

इसी क्रम में 9 जून को अंबेडकर पार्क में आयोजित बैठक में भारी संख्या में पदाधिकारियो से चलने का आह्वान किया गया। बताया गया कि मंडल स्तर के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस बैठक में शामिल होंगे और वहीं पर आगामी रणनीति का खुलासा किया जाएगा। इस अवसर पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह सहित तहसील कांठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चांदमारी पर हो रही फायरिंग की चपेट में आकर किसान घायल, ऑपरेशन कर निकाली गोली

**कांठ।** खलीलपुर कददीम गांव के पास स्थित चांदमारी पर चल रही फायरिंग की चपेट में आकर एक किसान घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। बताया गया



कि निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक आज चांदमारी पर पुलिस द्वारा फायरिंग की जा रही थी फायरिंग के दिन आसपास के किसानों का खेतों पर जाना प्रतिबंधित होता है।लेकिन फसलों की सिंचाई करने को लेकर खलीलपुर गांव के ओमराज पुत्र डूंगर सिंह अपने पुत्र सनी के साथ खेत पर चले गए अचानक एक गोली फायरिंग रेंज से निकलकर उनके हाथ पर आ लगी सनी द्वारा इसकी सूचना घर देने पर परिजन खेत पर पहुंच गए और घायल को उठाकर चांदमारी स्थित कार्यालय पर पहुंचाया गया। जहां से उन्हें पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेजा गया। वहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। परिवार के लोगो ने उन्हें बर्धमान अस्पताल में भर्ती कराया वहां पर ऑपरेशन कर गोली निकाली गई।हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## भारत विकास परिषद् ने किया बाल संस्कार शिविर का आयोजन

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद् नव उदय शाखा चंदौसी के तत्वाधान में पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ पंडित गोविंद बल्लभ पंत जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक आशुतोष गुप्ता द्वारा किया गया।



शिविर के प्रथम दिवस सर्वप्रथम वन्देमातरम गायन के उपरांत पराग बंसल द्वारा बालकों को योग प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उपस्थित बच्चों द्वारा पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया गया। इसके उपरांत मोहित गोयल द्वारा संस्कार पर संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया एवं पूजा रानी द्वारा बच्चों को नृत्य प्रशिक्षण दिया गया। अंत में बच्चों को सूक्ष्म जलपान कराकर प्रथम दिवस शिविर का समापन किया गया। शिविर में विकास गोयल, अतुल शंकर चौधरी, शहनाज, शिखा सक्सेना, अजय शर्मा, नव्या गोयल आदि मौजूद रहे।

## बेटी ने सौतेले पिता पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, एफआईआर दर्ज

**चन्दौसी।** नगर के एक मौहल्ला नि. युवती ने अपने सौतेले पिता पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। इधर आरोपी का पिता का कहना है कि गलत संगत में पड़ने पर उसने अपनी बेटी को डांट दिया था जिससे नाराज होकर वह उस पर झूठा आरोप लगा रही है। इस मामले में क्राइम इंस्पेक्टर विनीत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही युवती का मेडिकल करवाकर उसके बयान दर्ज किए जाएंगे।

### ईद-उल-अज़्हा पर बिना रुकावट बिजली देने की मांग

## एमआईएम ने सौंपा डीएम को ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ईद उल अजहा को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष मो. हिद फरगानी के नेतृत्व जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महानगर अध्यक्ष वकी रशीद एडवोकेट ने कहा कि आगामी दिनों में ईद का त्योहार आने वाला है, लोग कुरबानी के लिए पशु खरीदते है और किसान पूरे साल पशुओं को पाल पोस कर बड़ा करता है ताकि उन्हें एक मुश्त रकम मिल सके भारत मे 95% पशु बेचने वाले हिन्दू भाई होते हैं और खरीदने वाले मुसलमान, जहाँ भी बाजार लगे उनके लिए सफाई और पानी की व्यवस्था की जाए, वकी रशीद ने आगे कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादीयो ने नाम पूछ कर हिन्दू भाइयों को मारा है उसी सोच के तहत अलीगढ़ में मीट व्यापारियों को मारा गया, ये पाकिस्तानी सोच है जिसका हमे विरोध करना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से अपील की गई कि ईद के दौरान बिजली और पानी की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी रहे, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके अलावा नगर निगम से शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने, नालों की सफाई कराने और सड़कों के गड्ढों को भरवाने की भी मांग की गई। अलीगढ़ में मीट व्यापारियों के लिंचिंग के दोषियों पर एन एस ए के तहत कार्यवाई हो। जिलाध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट ने प्रशासन से सभी आवश्यक कदम उठाने की अपील की ताकि शहरवासी बिना किसी



दिक्कत के अपने-अपने त्योहार मना सकें।

इस मौके पर पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष युवा अहताशाम मंसूरी, जिला पंचायत सदस्य रईसुद्दीन, पूर्व जिला अध्यक्ष सलीम अहमद, आमिल एडवोकेट, तारिक अनवर, तालिब मालिक, जुल्फिकार ठेकेदार, आलमगीर, इंजीनियर आदिल, अशफाक अतीकुर्रहमान, अबु बकर अंसारी,समीर,मुहम्मद फहीम, मुजीबुर्रहमान, जिला और महानगर इकाई के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## कंपनी बाग में हुआ आल इंडिया मुशायरा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के कंपनी में आल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध शायरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बलवंत सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। एजाज धामपुरी ने पढ़ा कि देकर वतन पे जान अमर हो गए जो, ऐसे सिपाहियों को हमारा सलाम है।। रौनक चंदौसवी ने कहा कि जर्फ को अपने आजमाता हूं, जख्म खाकर भी मुस्कुराता हूं।। आतिश औरछवी ने कलाम पेश करते हुए कहा कि जमाना जिसको मेरा खैरख्वाह कहता है। हर एक आह पे मेरी वो वाह कहता है।। शरफ नानपारवी देहलवी ने पढ़ा कि कयामत सर उठाए फिर रही है। पर नए घर बदलना चाहते हैं।। कवि माधव मिश्र ने अपनी प्रसिद्ध गजल पेश की 'लहरों से खेलता हुआ, लहरा के गिर पड़ा। यानि किसी के प्यार में बल खाके गिर पड़ा।। क्या क्या किया है मैंने तेरी जुस्तजू में दोस्त। धरती पे आसमां से मैं आके गिर पड़ा।। सुहेल लखनवी ने कहा कि उसकी मर्जी है जी रहे हैं हम। वरना समझाओ जिन्दगी क्या है? महाराष्ट्र के मालेगांव से आए सुन्दर मालेगांवी ने पढ़ा 'बेटा काला हो चाहें गोरा हो। मां की नजरों में लाल होता है। मुशायरे में आतिश औरछवी, रौनक चंदौसवी, सत्तार अली भावुक, सुहेल लखनवी, हाजी मतीनुद्दीन, कवि माधव मिश्र, संगीता भार्गव, सुनील सौरभ, नसीम हाशमी, शहजाद, विमलेश कुमारी, अशफाक भारती, वसीम. ुद्दीन, इश्तियाक वेग, रामरूप, सज्जादा नशीन, गुलाम साबिर, मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।



## योग शिविर का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** ब्रह्मा कोचिंग संस्थान में सोमवार को विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को केंद्र में रखते हुए एक विशेष योग शिविर एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सुबह के सत्र में आयोजित योग शिविर का संचालन संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक नितेश उपाध्याय द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन जैसे प्रभावशाली योगाभ्यास सिखाए जो न केवल शारी. रिक मजबूती बल्कि मानसिक शांति के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। योग सत्र के पश्चात, विद्यार्थियों के मानसिक कौशल को बढ़ावा देने हेतु शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले मुकाबले में श्याम चौधरी और प्रिंस गुप्ता आमने-सामने हुए जिसमें श्याम ने सूझबूझ और रणनीति से मुकाबला जीत लिया। इसके बाद, श्याम चौधरी का सामना आरव से हुआ, जहाँ उन्होंने एक बार फिर शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की और दिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में उभरे। यू.सी. उपाध्याय ने बताया कि ये योग शिविर सभी के लिए निःशुल्क है कोई भी इस शिविर में भाग ले सकता है।

### एक नजर

## 21 दिवसीय समर कैंप में विद्यार्थियों को योगाभ्यास व व्यायाम कराया

**कुंदरकी।** सोमवार को राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में 21 दिवसीय समर कैंप कार्यक्रम के अंतर्गत शासनादेश अनुसार सोमवार की गतिविधि में सर्वप्रथम आधे घंटे विद्यार्थियों को योगाभ्यास व व्यायाम कराया। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान कार्यालय मुरादाबाद की जिला समन्वयक श्रीमती डॉ सुनीता चौधरी जी द्वारा समर कैम्प का



औचक निरीक्षण किया गया। तथा बच्चों द्वारा विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त की गई। समर कैम्प में मिट्टी से बनाए गई आकृतियों, विभिन्न गतिविधियों में बनाए गए चार्टो , अन्य सामग्री तथा विद्यालय का निरीक्षण भी किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश सिंह ने बताया कि बच्चे उत्साह व आनंद के साथ समर कैंप में प्रतिभाग कर रहे हैं और बहुत कुछ नया सीख रहे हैं। तथा कहा कि समर कैंप से बच्चों के कलात्मक व रचनात्मक कौशलों का विकास हो रहा है साथ ही शारीरिक व मानसिक विकास के लिए भी समर कैंप जरूरी है। जिला समन्वयक सुनीता चौधरी द्वारा विद्यालय की स्वच्छता व आकर्षिता तथा बच्चों के कार्यों की सराहना व प्रशंसा की गई। सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह शव विशिष्ट तालियों के माध्यम से स्वागत किया। छात्र व छात्राओं ने 21 मई से सीखे गए सभी कौशलों व गतिविधि के बारे में बताया। समर कैम्प प्रभारी रेणुका ने बताया कि बच्चों प्रतिदिन दिन नई -नई जानकारियां ले रहे हैं तथा बहुत कुछ नया सीख रहे हैं। सभी बच्चों को बहुत उत्साह व आनंद आ रहा है। बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए समर कैम्प का बहुत जरूरी है।

## व्यापारी मिले नवनियुक्त पुलिस अकादमी के डीआईजी से

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी द्वारा



अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में पुलिस उप महा निरीक्षक पुलिस अकादमी विकास कुमार वैध का उनके कार्यालय में कार्यभार संभालने पर उनका पटका पहनाकर ब बुके देकर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का हमेशा व्यापारियों के साथ जुड़ाव रहा है और आगे भी रहेगा और व्यापारियों को पुलिस की ओर से सहयोग और सम्मान समय समय पर मिलता रहता है। स्वागत करने वाले मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष रिजवान कामिल उपस्थित रहे।

## ईद की नमाज को लेकर पुलिस ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**कांठ।** ईदुल अजहा को लेकर आज थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा ईदगाह पर पहुंचे और उन्होंने वहां का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को देखा। बतादें कि 7 जून को ईदउल अजहा का पर्व मनाया जाना है



जिसमें बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों के साथ-साथ ईदगाहों पर नमाज पढ़ते हैं नमाज सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने आज मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ उन्होंने उमरी कला ईदगाह के अलावा थाना क्षेत्र में पडने वाली ईदगाहों का निरीक्षण कर संबंधित लोगों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर हल्का इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

## साप्ताहिक बाजार के दिन इस बार लगी बकरों की मंडी

**कांठ।** सोमवार के साप्ताहिक बाजार में बकरीद का त्योहार नजदीक आने के साथ ही ईदगाह के पास बकरों की मंडी लगी। कुर्बानी के लिए यहां आए आकर्षक और वजनदार बकरे लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। यहां आसपास के कुछ लोग बकरे लाकर बेच रहे हैं। जमुनापारी,




अजमेरी नस्ल के साथ देसी बकरों की डिमांड है। बकरीद के त्योहार में अभी 5 दिन बाकी हैं। छोटे बकरे की कीमत करीब 15 हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये है। वहीं मध्यम वजन के बकरों की कीमत 30 हजार रुपये से लेकर 70 हजार रुपये तक है। बताया गया कि देसी नस्ल का बकरा 25 हजार रुपये में बिक गया। अजमेरी बकरा 40 हजार रुपये में बिका। सबसे ज्यादा कीमत का बकरा सोमवार को 60 हजार में बिका।



# सीडीएस की साफगोई

चार दिनों तक भारत-पाकिस्तान के बीच हुई सैन्य झड़प में सरकार की तरफ से अभी तक इस बात का कोई माकूल जवाब नहीं आया कि उस संघर्ष में हमारे भारतीय लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, लेकिन भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में उन अटकलों को और हवा दे दी कि यह जरूरी नहीं है कि विमान गिराया गया है या नहीं जरूरी यह बात है कि ऐसा क्यों हुआ और उससे हमने कितनी जल्दी सीखा। अनिल चौहान सिंगापुर के इस समय दौरे पर हैं और वह वहां शांगरी ला डायलाग में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। उन्होंने बुलु मर्ग टीवी और राइटर्स को दो अलग-अलग इंटरव्यू दिए। जिसमें उनसे भारत-पाक के बीच सैन्य झड़प को लेकर सवाल पूछे गए। इसमें एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि इस संघर्ष में कम से कम एक जेट गिराया गया था, क्या यह सही है। अनिल चौहान ने इसे बिल्कुल गलत बताया और उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह पाक छह लड़ाकू विमान गिराने की बात कर रहा है वह पूरी तरह गलत है। अनिल चौहान का यह भी कहना था कि जेट क्यों गिरे, यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना महत्वपूर्ण यह है कि वहां हमने क्या किया, यह हमारे लिए ज्यादा जरूरी है। उनसे पहले एक प्रेस ब्रीफिंग में एयर मार्शल एके भारती कह चुके हैं कि युद्ध में नुकसान तो होता ही है, यह कोई बड़ी बात नहीं है। हमें अपने उद्देश्य देखने होंगे। सवाल यह है कि सरकार इस पूरे मसले पर क्यों कननी काट रही है, क्योंकि दस मई को हुए सीज फायर के बाद देश के भीतर यह सवाल बराबर उठ रहा है कि चार दिन तक चले संघर्ष में हमें कोई नुकसान हुआ या नहीं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेता यह सवाल बार-बार पूछ रहे हैं कि उस लड़ाई में हमारे कितने विमान काम आए। सरकार इस सवाल से बराबर कननी काट रही है और इशारा देती रही है कि हमारा कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब सीडीएस सिंगापुर में जाकर अप्रत्यक्ष रूप से ही सही, नुकसान की बात स्वीकार करते हैं। जहां तक बात पाकिस्तान की है वह शुरू से ही यह दावा करता रहा है कि उसने भारत के छह राफेल विमान गिराए हैं। जाहिर सी बात है कि प्रोपेगंडा युद्ध में किसी की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता और पाक जैसे देश पर तो बिल्कुल भी नहीं। असल सवाल यह है कि आखिर सरकार देश व जनता को पाक के साथ संघर्ष में जो सही वस्तु:स्थिति है उसे बताने से क्यों कतरा रही है। युद्ध में नुकसान होना कोई नई बात नहीं है और न ही यह कोई अपमानित होने का मामला है। हर कोई जानता है कि संघर्ष में जोखिम तो रहता ही है। असल चीज अपना मकसद होता है। अगर कुछ कीमत चुकाकर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लें, तो वह सफलता ही कही जाएगी और पाक के साथ हम पूरी तरह अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि जो बातें उन्होंने जाकर सिंगापुर में कही वह अपने देश में ही कहनी चाहिए थीं और हमारे पत्रकारों को ही उनसे सवाल करने चाहिए थे न कि विदेशी पत्रकारों को।

## राजनीतिक वफादारी का आकलन दुखद



भारत जब आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, यह दुखद है, क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है, भारत का ऑल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं, हम जो संदेश लेकर आए हैं, वह एकता का संदेश है, हम कई पार्टियों से हैं, हम भारत के कई क्षेत्रों से हैं, हम भारत के कई धर्मों से हैं, अगर आप देखना चाहते हैं कि जब राष्ट्र और अपनी मातृभूमि की बात आती है, तो आप कैसे एक साथ आते हैं और कैसे एक स्वर में बोलते हैं, यही दिखाने के लिए हम यहां आए हैं , भारत में होने वाली रोजमर्रा की राजनीति से परे सभी राजनेता मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने के लिए एकजुट होते हैं।

**-सलमान खुर्शीद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और दर्द को समझें





**ललित गर्ग**

बच्चों को देश एवं दुनिया के भविष्य की तरह देखा जाता है। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य लगातार हो रहे युद्धों की विभीषिका, त्रासदी एवं खौफनाक स्थितियों के कारण गहन अंधेरों एवं परेशानियों से घिरा है। आज का बचपन हिंसा, शोषण, यौन विकृतियों, अभाव, उपेक्षा, नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना उपेक्षित, प्रताड़ित, डरावना एवं भयावह हो जाएगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्यों बचपन बदहाल होता जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज, सरकार एवं युद्धरत देशों की सत्ताएं इतनी बेपरवाह कैसे हो गई है? यह प्रश्न 4 जून को आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों के दिवस को मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। इस दिवस को मनाने की प्रासंगिकता आज के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा महसूस हो रही है। इस दिवस का उद्देश्य आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और उनके दर्द को स्वीकार करना, बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना, समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के साथ हिंसा रोकने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रयास करना, बच्चों के लिए सुरक्षित, हिंसामुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरुआत 1982 में की थी, जब फलस्तीनी और लेबनानी बच्चों पर हुए अत्याचारों के बाद यह दिवस घोषित किया गया था, जिसे मनाते हुए हमें दुनियाभर में बच्चों द्वारा झेले गए दर्द को स्वीकारना होगा, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं। यह दिन बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

बच्चे दुनिया की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं और किसी भी समाज की भलाई के लिए बच्चों का सुरक्षित एवं संरक्षित होना जरूरी हैं। वे समाज के सबसे कमजोर सदस्य हैं, जिन्हें निष्कंटक, खुशहाल और सफल जीवन जीने के लिए समान अवसर दिए जाने और उनकी रक्षा किए जाने की आवश्यकता है, लेकिन हर साल संघर्ष और युद्धों के कारण बच्चों की एक बड़ी संख्या हिंसा, विस्थापन, अपंगता और दुर्व्यवहार का शिकार होती है। यह केवल इस बात को साबित करता है कि बच्चों पर किसी भी संघर्ष का गंभीर एवं घातक प्रभाव पड़ता है। निश्चित ही रूस एवं यूक्रेन, गाजा एवं इजरायल जैसे लम्बे समय से चल रहे युद्धों के कारण हर दिन, दुनियाभर में बच्चे अकथनीय भयावहता एवं त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों में सोने या बाहर खेलने, स्कूल में पढ़ने या अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सुरक्षित नहीं हैं। हत्या और अपंगता, अपहरण और यौन हिंसा से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले नई बन रही विश्व संरचना के लिए गंभीर चुनौती है। बच्चे चौंका देने वाले पैमाने पर युद्धरत दलों के निशाने पर आ रहे हैं। हाल के वर्षों में, कई संघर्ष एवं युद्ध क्षेत्रों में, महामारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण बच्चों के खिलाफ उल्लंघन की संख्या में वृद्धि हुई है। संघर्ष, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से प्रभावित देशों और क्षेत्रों में रहने वाले 250 मिलियन बच्चों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हिंसक अतिवादियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने से बचाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयासों एवं संकल्पों की जरूरत है ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के नए एजेंडे में पहली बार बच्चों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य शामिल था और बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को समाप्त करने के लिए कई अन्य हिंसा-संबंधी लक्ष्यों को मुख्यधारा में शामिल किया गया। विश्वस्तर पर बालकों के उन्नत जीवन के ऐसे आयोजनों के बावजूद आज भी बचपन उपेक्षित, प्रताड़ित एवं नारकीय बना हुआ है, आज बच्चों की इन बदहाल स्थिति की प्रमुख वजहें हैं, वे हैं-सरकारी योजनाओं का कागज तक ही सीमित रहना, बुद्धिजीवी वर्ग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, दुनिया की महाशक्तियों की ओर से बच्चों के ज्वलंत प्रश्नों पर आंख मूंद लेना, इनके प्रति समाज का संवेदनहीन होना एवं गरीबी-शिक्षा के लिए जागरूकता का अभाव है। युद्धों एवं ऐसी ही स्थितियों में 11,649 बच्चे मारे गए या अपंग हो गए। अधिकांश मामलों में, विस्फोटक आयुध और बारूदी सुरंगों का उपयोग आबादी वाले क्षेत्रों में किया गया, जिसके कारण बच्चों की मृत्यु हुई और वे अपंग हो गए। 8,655 बच्चों का इस्तेमाल संघर्ष में किया गया और 4356 का अपहरण किया गया, जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या कांगो, सोमालिया और नाइजीरिया के लोकतांत्रिक गणराज्य में पाई गई। पीड़ितों में से लगभग 30 प्रतिशत लड़कियां थीं। 1,470 बच्चे यौन हिंसा के शिकार हुए है। संघर्ष में यौन हिंसा कलंक और कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए सबसे कम रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर हिंसा है। 90 प्रतिशत से अधिक यौन हिंसा लड़कियों के खिलाफ की गई, जो यौन हिंसा और जबरन विवाह से असमान रूप से प्रभावित हैं, हालांकि लड़कों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। 2022 से 2023 तक मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो अक्सर अन्य गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि के साथ मेल खाती है। 2024 के लिए, मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में कई संदर्भों में गिरावट आने की उम्मीद है, विशेष रूप से अफगानिस्तान, म्यांमार और सूडान में मानवीय संगठनों और कर्मियों पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को अपनाने के कारण। 2023 तक, स्कूलों पर हमलों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोफी अन्नान ने एक बार कहा था, 'दुनिया में बच्चों के साथ जो भरोसा है, उससे ज्यादा पवित्र कोई भरोसा नहीं है। यह सुनिश्चित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है कि उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए, उनके कल्याण की रक्षा की जाए, उनका जीवन भय और अभाव से मुक्त हो और वे शांति से बड़े हो सकें।' बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हंसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है। बच्चे खुश, स्वस्थ और सुरक्षित होने चाहिए। उन्हें जाने-अनजाने में भी कोई पीड़ा नहीं दी जानी चाहिए। बच्चों की खुशी में देश एवं दुनिया का उज्ज्वल भविष्य छुपा है। कुछ बीमार मानसिकता यानी पीडोफिलिया ग्रस्त व्यक्ति मासूम बच्चों को क्रूरतम मानसिक व शारीरिक यातनाएं देने में आनंद की प्राप्ति करता है तथा उसके लिए यह एक ऐसा नशा बन जाता है कि वह बच्चों को यातनाएं देने कि क्रूरतम विधियां इजाद करता जाता है जिसमें बच्चो के साथ सेक्स, शरीर को चोटिल करना-काटना, जलाना, यहां तक कि उनके टुकडे-टुकडे कर उनके मांस तक खाना शामिल है। कुछ देशों में बच्चों को ऊंट की पीथ पर बान्धकर ऊटों को दौड़ाया जाता है जिससे बच्चे कि चीत्कार-चीख से वहां के लोग आनन्द एवं मनोरंजन की प्राप्ति करते हैं, यह भी पीडोफिलिया का ही एक उदाहरण है। इन क्रूर एवं अमानवीय स्थितियों का मासूम बच्चों पर भारी दुष्प्रभाव पड़ता है और इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त दुनिया की कल्पना कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखघ्रिी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. आरिया उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. आरिया के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकघ्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. आरिया बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आरिया आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।


### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके



बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न र्सिफ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हीड हेडेक की समस्या होने पर इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज



गर्मियों के मौसम में गर्म हवाएं, चिलचिलाती धूप और शरीर में पानी की कमी के कारण सिरदर्द की समस्या आम हो जाती है। मेडिकल की भाषा में इसको हीट हेडेक कहा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है और इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

**इन कारणों से होता है सिरदर्द**

- हीट रिलेटेड डिजीज
- डिहाइड्रेशन
- अपर्याप्त नींद
- शराब का सेवन
- देर तक भूखा रहना
- सिरदर्द के अलावा अन्य लक्षण
- हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो गर्मी में सिरदर्द होने के साथ मुंह और होंठों का सूखना, कमजोरी और चक्कर आना जैसे अन्य लक्षण दिख सकते हैं।

**हीटस्ट्रोक के कारण सिरदर्द होना खतरनाक**

हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति होती है। इसमें बॉडी का टेंपरेचर 39.4°C से ऊपर होने के साथ तेज सिरदर्द होता है और बेहोशी आदि के लक्षण हो सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है। ऐसे स्थिति में बिना देर किए डॉक्टर को दिखाना जरूरी होता है।

**माइग्रेन और गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में अंतर**

आमतौप पर माइग्रेन में सिर के एक तरफ तेज दर्द होता है। साथ ही इसमें साउंड और लाइट के प्रति सेंसिटिविटी और मतली भी लग सकती है। वहीं गर्मी के कारण होने वाला सिरदर्द तेज लू, डिजाइड्रेशन या हाई टेंपरेचर के कारण होता है। इस दौरान पूरे सिर में दर्द, सिर भारी लगना या थकावट जैसी समस्या होती है। जहां माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, तो वहीं हीट हेडेक मौसम और बाहरी परिस्थितियों के कारण होता है। इन दोनों का इलाज और बचाव के तरीके भी अलग-अलग होते हैं।

**बच्चों व बुजुर्गों में सिरदर्द कैसे पहचानें**

बच्चे और बुजुर्गों दोनों में गर्मी और डिहाइड्रेशन को बर्दाश्त करने की क्षमता कम होती है। इसलिए उनका विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। बच्चों में सिरदर्द के साथ चिड़चिड़ापन, सुस्ती, रोना और भूख न लगना जैसे लक्षण दिखते हैं। वहीं बुजुर्गों में ज्यादा पसीना आना, कमजोरी और सिर भारी लगना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे में सिर दर्द से बचने के लिए खूब पानी पीना चाहिए। वहीं दोपहर के समय बिलकुल भी धूप में नहीं निकलना चाहिए।

**उपाय**

- खूब पानी पिएं।
- हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें।
- दिन के समय हैवी फिजिकल एक्टिविटी करने से बचना चाहिए।
- गर्मी से बचने के लिए एसी और कूलर आदि का इस्तेमाल करें।
- दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए।
- अगर बाहर का काम है, तो बीच-बीच में ब्रेक लेना चाहिए।
- किसी भी तरह की परेशानी होने पर डॉक्टर से फौरन संपर्क करें।

**सिरदर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे**

- नींबू पानी या नारियल पानी का सेवन करें। क्योंकि यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को दूर करने के साथ डिहाइड्रेशन से राहत मिलती है।
- तेज धूप की वजह से सिरदर्द हो रहा है, तो ठंडी और हवादार जगह पर जाएं।
- गीले तौलिए से या फिर आइस क्यूब को माथे पर रखने से सिरदर्द की समस्या से राहत मिल सकती है।
- सिरदर्द की समस्या होने पर किसी शांत और ठंडे कमरे में थोड़ी देर आराम करें।
- शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए हर घंटे पर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।
- इसके साथ ही डाइट में खीरा, तरबूज, सलाद और मौसमी फलों व सब्जियों को शामिल करें। इससे आपका शरीर ठंडा रहता है।
- रोजाना अच्छी और गहरी नींद लें। क्योंकि नींद की कमी होने पर भी सिरदर्द ट्रिगर कर सकता है।

**सिरदर्द का कारण**

- प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड्स का सेवन
- ज्यादा कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन
- ज्यादा मसालेदार और तलाभुना भोजन करना
- सिगरेट और शराब का सेवन
- आइस्क्रीम और सॉफ्ट ड्रिंक्स
- तेज सिरदर्द होने पर क्या करें
- तेज सिरदर्द की समस्या होने पर फौरन ठंडी जगह पर जाएं और थोड़ी देर आराम करें। वहीं थोड़ी-थोड़ी देर में धीरे-धीरे पानी पीते रहें और माथे पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। वहीं जरूरत के हिसाब से डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### ओवर द काउंट दवाएं

गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में कुछ ओवर द काउंट दवाएं आपको आराम दिला सकती हैं। हालांकि इसका नियमित सेवन करने से पहले आपको हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

.......................

### डॉक्टर की लें सलाह

वैसे तो अधिकतर मामलों में यदि व्यक्ति गर्मी से दूर हो जाता है या पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, तो समय के साथ सिरदर्द की समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन सिरदर्द यदि बहुत तेज हो रहा है और लगातार दर्द बना हुआ है। इसके साथ ही गर्दन में अकड़न, और तेज बुखार की समस्या देखने को मिलती है, तो आपको बिना देर किए फौरन डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है।**

# रूस-यूक्रेन में दूसरे दौर की शांति वार्ता एक घंटे में खत्म

## कैदियों की अदला-बदली पर सहमति, दोनों देश 6000 मृत सैनिकों के शव भी लौटाएंगे

**इस्तांबुल।** रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्की से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता 1 घंटे में खत्म हो गई। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए हैं। इसके साथ ही दोनों पक्ष 6000-6000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं।

वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेंडिस्की ने कहा: इस समझौते के तहत गंभीर रूप से घायल और 18 से 25 साल के युवा सैनिकों की भी अदला-बदली की जाएगी। यह वार्ता ऐसे वक्त में हुई जब कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन ने रूस के साइबेरिया में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस बारे में पूछे जाने पर रूसी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कल का इंतजार कीजिए। इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच 2 घंटे बातचीत हुई थी। यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा है, इसके बाद पलटवार करते हुए रूस ने भी यूक्रेन पर अपने मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं। यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए मिलिट्री यूनिफॉर्म में पहुंचा है। यूक्रेन की तरफ से रक्षा मंत्री रुस्टेम उमेरोव और रूस की तरफ से राष्ट्रपति पुतिन के करीबी व्लादिमिर मेंडिस्की इस बातचीत में भाग लिया। 16 मई को इस्तांबुल में रूस-यूक्रेन के बीच 4 पॉइंट पर बातचीत हुई।

- इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच दो घंटे बातचीत हुई थी
- यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा



### कैदी अदला-बदली:

16 मई को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने 1-1 हजार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई थी। जिसके बाद दोनों ने कैदी रिहा किए।

### सीजफायर:

यूक्रेन ने 30 दिन के सीजफायर की मांग की थी, लेकिन रूस ने इसे स्वीकार नहीं किया। रूस ने शर्त रखी कि यूक्रेन को चार इलाकों (दोनेत्स्क, लुहान्स्क, जपोरिझिया, खेरसॉन) से पूरी तरह पीछे हटना होगा, जिनमें लगभग 1.1 करोड़ यूक्रेनी नागरिक रहते हैं। जिसे यूक्रेन ने अस्वीकार कर दिया था।

### शांति समझौता:


तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा था कि दोनों देश दोबारा मिलने को तैयार हैं, लेकिन कोई नई तारीख तय नहीं हुई। रूस ने यूक्रेन को शांति समझौते का मसौदा देने की बात कही।

### क्षेत्रों पर नियंत्रण:

दोनों देशों के बीच सुरक्षा गारंटी और प्रति. बंधों पर चर्चा हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बनी। रूस ने क्रीमिया और अन्य कब्जे वाले क्षेत्रों पर नियंत्रण की मांग की, जबकि यूक्रेन ने अपनी संप्रभुता की रक्षा पर जोर दिया।रूस ने माना- यूक्रेन ने 5 एयरबेस पर एयरस्ट्राइक की रूसी रक्षा मंत्रालय ने 1 जून को माना की यूक्रेन के किए गए ड्रोन हमलों में देशभर के 5 सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया गया, जिससे कई विमानों को नुकसान पहुंचा था। हालांकि, कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसका सटीक आंकड़ा नहीं बताया है। अपने बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने मुरमान्स्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों में स्थित हवाई अड्डों पर एफपीवी (फर्स्ट पर्सन व्यू) ड्रोन से आतंकी हमला किया। मंत्रालय ने कहा कि इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों के सैन्य एयरबेसों पर सभी आतंकी हमलों को नाकाम कर दिया गया। पहली बार आधिकारिक रूप से यह भी पुष्टि की गई है कि कुछ ड्रोन हमले एयरबेस के बहुत पास से ही किए गए थे।

## रूस ने 162 यूक्रेनी विमान मार गिराने का किया दावा

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात 162 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया है, जिनमें से सबसे अधिक कुर्स्क क्षेत्र के ऊपर थे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि एक जून को मॉस्को को रात आठ बजकर 10 मिनट से दो जून को अपराह्न दो बजे तक की अवधि में वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 162 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानव रहित ड्रोनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि कुर्स्क क्षेत्र में 57 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 31 और लिपेत्स्क क्षेत्र में 27, वोरोनिश क्षेत्र में 16, ब्रांस्क और रियाज़ान क्षेत्रों में 11-11 ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा ओर्योल क्षेत्र में छह ड्रोन, क्रीमिया के क्षेत्र में दो और तांबोव क्षेत्र में एक ड्रोन को मार गिराया है।



नई दिल्ली। भारत और पराग्वे के बीच संयुक्त आयोग तंत्र (जेसीएम) की स्थापना के लिए पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज एल के साथ समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## भारत-पराग्वे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करेंगे

### पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा

**नई दिल्ली।** भारत और लैटिन अमेरिकी देश पराग्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करने का सोमवार को फैसला किया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच संयुक्त आयोग की स्थापना को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की। मोदी ने कहा कि आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है

मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। उन्होंने कहा कि पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है।

## इजरायल ने यमन की दागी मिसाइल को किया नष्ट

- 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन की ओर से दागी गई मिसाइल को आसमान में ही सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा कि आईडीएफ ने यमन की ओर से दागी गई मिसा. इल को सफलतापूर्वक रोक दिया। इजराइल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि यमन की ओर से दागी गई मिसाइल का लक्ष्य तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा था, साथ ही कहा कि हवाई अड्डा अस्थायी रूप से उड़ान भरने और उतरने के लिए बंद कर दिया गया था। गौरतलब है कि 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं। इस बीच, इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि मिसाइल दागने पर तेल अवीव और पश्चिमी यरुशलम सहित मध्य इजराइल के बड़े क्षेत्रों में सायरन बजने लगे थे। यमन ने मिसाइल ऐसे समय में दाग है जब हूती बलों ने अमेरिकी जहाजों पर हमले रोकने का वादा किया है, लेकिन गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता का हवाला देते हुए इजरायल पर मिसाइलें दागना जारी रखा है।

### लेबनान पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह सदस्य ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में रविवार शाम हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल. ीन संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि मारे गए सदस्य की पहचान हिजबुल्लाह सदस्य मोहम्मद अली सरूर के रूप में हुई है, जो दक्षिणी लेबनान के मध्य क्षेत्र में स्थित ऐता अल-शाब गांव का निवासी था। यह हवाई हमला हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बावजूद हुआ।

## बदलाव: बांग्लादेश की करेंसी पर होंगी हिन्दू बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें

### केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए

**ढाका।** बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए। इन नोटों से देश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। इसके अलावा, 500, 200, 100 और 10 टका के नए नोट जल्द जारी होंगे। इसे लेकर बांग्लादेश सेंट्रल बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा नई डिजाइन में किसी व्यक्ति की तस्वीर नहीं होगी, नए नोटों पर देश के पारंपरिक स्थलों को जगह मिली है।

खान ने आगे कहा: नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे। हालांकि पुराने नोट और सिक्के भी चलन में बने रहेंगे। नए नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें भी छापी जाएंगी। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद से अब तक नोटे के डिजाइन में पांच बार (1972, 1970 के दशक, 1980-90 के दशक, 2000 के दशक, और 2025) बदलाव किए गए हैं। नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदि. रों की तस्वीरें होंगी, जो बांग्लादेश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती हैं।



- नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे

प्रसिद्ध बांग्लादेशी चित्रकार जैनुल आब. ेदीन की कलाकृतियां, जो 1943 के बंगाल अकाल (ब्रिटिश शासन के दौरान) को दर्शाती हैं, नोटों पर होंगी। एक डिज़ाइन में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों की याद में बना राष्ट्रीय स्मारक शामिल है। नोटों पर प्राकृतिक परिदृश्य और पारंपरिक स्थल होंगे, जो बांग्लादेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करेंगे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक ये राजनीतिक उथल-पुथल से जुड़ा है। बांग्लादेश की करेंसी का इतिहास समय-समय पर सत्तारूढ़ पार्टियों का असर नजर आता है। 1972 में जब बांग्लादेश ने पूर्वी पाकिस्तान से अलग होकर आजादी हासिल की, तब शुरुआती नोटों पर भौगोलिक और सांस्कृतिक चित्र थे। बाद में, शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें नोटों पर शामिल की गईं, खासकर जब उनकी अवामी लीग पार्टी सत्ता में थी। नई करेंसी को शेख हसीना के शासन के प्रभाव को कम करने और देश की छवि को समावे शी बनाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से लगातार शेख मुजीब की जुड़ी निशानियों पर हमला किया गया था।

## अमेरिका के कोलोराडो में इजरायल समर्थकों पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के बोल्डर शहर में एक संदिग्ध ने फ्री फलस्तीन का नारा लगाता हुए लोगों पर हमला कर दिया। उसने लोगों पर मोलोटोव काकटेल फेंका, जिससे मौके पर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 8 लोग झुलस गए।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक शख्स मोलोटोव काकटेल (पेट्रोल बम) फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। यह हमला रन फार देयर लाइव्स नाम के एक ग्रुप की सभा के दौरान हुआ। यह ग्रुप गाजा में हमास की कैद में मौजूद इजरायली नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। सीएनएन ने बताया कि सो. लिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। साल 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सोलिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सो. लिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने शुरुआती जानकारी के आधार पर इसे आतंकी हमला बताया है। एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बान्जिनो ने कहा, ये हमला शुरुआती जानकारी के आधार पर वैचारिक नफरत से प्रेरित आतंकवादी घटना लगती है। जब सबूत साफ होंगे, तो हम पूरी जानकारी देंगे। बोल्डर के पुलिस प्रमुख स्टीव रेडफर्न ने कहा कि हमला शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुआ और पीड़ितों की चोटें दिखाती हैं कि उन्हें जलाने की कोशिश की गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। कोलोराडो के गवर्नर जैरेड पोलिस ने बयान जारी कर कहा हिंसा और नफरत से भरे किसी भी तरह के काम को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



- लोगों पर पेट्रोल बम फेंका आठ लोग झुलसे, हमलावर ने फ्री फलस्तीन के नारे लगाए

## जापान अमेरिकी टैरिफ में संशोधन की मांग जारी रखेगा: हयाशी

**टोक्यो।** जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने सोमवार को कहा कि उनका देश अमेरिका की ओर से लगाए गए व्यापार टैरिफ की निंदा करता है और इसमें संशोधन की मांग जारी रखेगा।

हयाशी ने एक ब्रीफिंग में कहा हम उपायों के विशिष्ट विवरणों की बारीकी से निगरानी करेंगे, जिनका खुलासा भविष्य में किया जाएगा। अमेरिकी सरकार द्वारा उठाए गए टैरिफ उपायों की श्रृंखला बेहद खेदजनक है और हम उनके संशोधन का आग्रह करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को चार जून से प्रभावी स्टील और एल्यूमीनियम आयात पर टैरिफ में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की। जापान ने शुल्क संशोधन पर अमेरिका के साथ पहले ही चार दौर की बातचीत की है। पिछले दौर के दौरान इन्होंने जून में फिर से मिलने के लिए सहमति व्यक्त की ताकि जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक के लिए मंच तैयार किया जा सके। टोक्यो ने अब तक सभी टैरिफ को पूरी तरह से हटाने पर जोर दिया है, जिसमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जापानी कार निर्माताओं के योगदान का हवाला दिया गया है, जिसमें लगभग 61 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष निवेश और 23 लाख नौकरियां शामिल हैं।

## लीबियाई सेना ने रेगिस्तान में 50 प्रवासियों को किया गिरफ्तार

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 230 किलोमीटर दक्षिण में नसमाह गांव के पास रेगिस्तान में विभिन्न अफीकी देशों के 50 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लीबिया के गृह मंत्रालय ने फेसबुक पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि नसमाह के पास बीहड़ घाटी क्षेत्रों में बॉर्डर गार्ड के गश्ती दल तैनात किए गए थे, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा योजना को क्रियान्वित करना और बीहड़ रेगिस्तानी मार्गों से अवैध प्रवासियों के प्रवाह को नियंत्रित करना था। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए 50 प्रवासियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक रिसेप्शन सेंटर को सौंपने से पहले मानवीय और प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में लंबे समय तक शासक रहे मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद असुरक्षा और अराजकता के कारण, लीबिया भूमध्य सागर को पार करके यूरोपीय तटों की ओर जाने वाले प्रवासियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## 80 साल बाद फिर वर्ल्ड वॉर का खतरा

### 55% लोगों का मानना: विश्व युद्ध होगा, रूस-अमेरिका और परमाणु हथियार इसकी बड़ी वजह

**वाशिंगटन।** दूसरे विश्व युद्ध (1939-45) की समाप्ति को 80 साल बीत चुके हैं, लेकिन वैश्विक शांति की नींव फिर से डगमगाने लगी है। यूगोव के ताजा सर्वे के अनुसार, अमेरिका और यूरोप के लोग पांच से दस साल में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका जता रहे हैं।

रूस के साथ बढ़ता तनाव, अमेरिका की विदेश नीति और परमाणु हथियारों का खतरा इस डर की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। सर्वे में शामिल 55 प्रतिशत लोगों ने माना कि एक और वैश्विक युद्ध संभव है। वहीं, 76 प्रतिशत का मानना है कि वर्ल्ड वार में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल होगा। लोगों को यह भी डर है कि यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा। यूरोप और अमेरिका में लोग अपने देशों को इस युद्ध में शामिल होने की आशंका जता रहे हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि कई यूरोपीय देशों के नागरिकों में अपनी सेनाओं की रक्षा क्षमता पर भरोसा कम है। दूसरे विश्व युद्ध की यादें आज भी लोगों के मन में ताजा हैं। सर्वे में शामिल 90 प्रतिशत लोग मानते हैं कि इस युद्ध को स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए। फ्रांस (72 प्रतिशत), जर्मनी (70 प्रतिशत) और ब्रिटेन (66 प्रतिशत) में लोग इस युद्ध के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं, जबकि स्पेन में यह आंकड़ा केवल 40 प्रतिशत है। 77 प्रतिशत फ्रांसीसी और 60 प्रतिशत जर्मन कहते हैं कि उन्हें स्कूल में इस युद्ध के बारे में विस्तार से पढ़ाया गया। 52 प्रतिशत लोगों को लगता है कि दुनियाभर में नाजी शासन जैसे अत्याचार आज भी संभव हैं। 60 प्रतिशत का मानना है कि अमे. रिका या अन्य यूरोपीय देशों में भी यह खतरा मौजूद है। यह डर दिखाता है कि इतिहास की गलतियां दोहराने की आशंका अभी खत्म नहीं हुई है। सर्वे में पश्चिमी यूरोप के 82 प्रतिशत और अमेरिका के 69 प्रतिशत लोगों ने रूस के साथ तनाव को सबसे बड़ा खतरा बताया। लोग मानते हैं कि रूस की सैन्य गतिविधियां और उसकी परमाणु क्षमता वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा हैं। रूस के अलावा, इस्लामिक आतंकवाद को भी बड़ा खतरा माना गया है। लोगों का मानना है कि इस पर जल्द काबू पाना जरूरी है। यह डर वैश्विक कूटनीति में बढ़ती दरारों का संकेत है। 66 प्रतिशत ने नाटो और 60 प्रतिशत ने संयुक्त राष्ट्र को शांति के लिए अहम माना 66 प्रतिशत लोगों ने नाटो को युद्ध के बाद शांति बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदानकर्ता माना।

- लोगों को यह भी डर है, यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा

## हमास ने गाजा शांति वार्ता की इच्छा जताई

**गाजा/यरूशलम।** हमास ने कहा कि वह गाजा युद्ध विराम पर अप्रत्यक्ष वार्ता तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि वह युद्ध विराम समझौते के लिए कतर और मिस्र द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि वह 'दूसरे पक्ष' के साथ लंबित मुद्दों को हल करने के लिए अप्रत्यक्ष वार्ता का एक दौर तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने कहा कि उसका वार्ता का उद्देश्य गाजा में 'मानवीय तबाही' को समाप्त करना, फलस्तीनी लोगों को राहत सहायता पहुंचाना सुनिश्चित करना और गाजा पट्टी से इजरायली बलों की पूरी तरह वापसी के साथ एक स्थाई युद्ध विराम हासिल करना होगा। हमास की इस घोषणा के बारे में इजरायली पक्ष की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इजरायली सेना बल प्रमुख इयाल ज़मीर ने गाजा पट्टी के दक्षिणी और उत्तरी दोनों हिस्सों में अतिरिक्त क्षेत्रों में जमीनी अभियान तेज करने का आदेश दिया है।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor